Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 48 | मंगलवार, 18 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-9 | मूल्य-एक रुपया

## हमारा अर्थशास्त्र, महाकुंभ का विरोध करने वालों की अपेक्षा बेहतर है : सीएम योगी

नई दिल्ली।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनका अर्थशास्त्र महाकुंभ का विरोध करने वालों की अपेक्षा बेहतर है। आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र से आये युवा उद्यमियों से संवाद कार्यक्रम में महाकुंभ पर उंगली उठाने वालों को जवाब देते हुए कहा, महाकुंभ का विरोध करने वालों की अपेक्षा हमारा अर्थशास्त्र बेहतर है।

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनका अर्थशास्त्र महाकुंभ का विरोध करने वालों की अपेक्षा बेहतर है। आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र से आये युवा उद्यमियों से संवाद कार्यक्रम में महाकुंभ पर उंगली उठाने वालों को जवाब देते हुए कहा, महाकुंभ का विरोध करने वालों की अपेक्षा हमारा अर्थशास्त्र बेहतर है। उन्होंने उद्यमियों से पूछा कि अगर केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा 7500 करोड़ रुपये खर्च किए जाने से अर्थव्यवस्था में तीन से साढ़े तीन लाख करोड़ रुपयों की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है तो कौन सा सौदा सही है? मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के संस्थापक लालू प्रसाद यादव के उस बयान के बाद आयी है जिसमें उन्होंने महाकुंभ को कथित तौर पर फालतू करार दिया था। आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगाने वालों की संख्या अगर 60 करोड़ तक पहुंचती है तो उत्तर प्रदेश के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में सवा तीन से साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा, अयोध्या, प्रयागराज, काशी, चित्रकूट, गोरखपुर, नैमिषारण्य में बेहतरीन अवसंरचना है। अयोध्या में सड़क चौड़ीकरण, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम के दौरान यह लोग विरोध कर रहे थे, लेकिन जब सरकार ने दृढ़ इच्छाशक्ति से निर्णय लिया तो परिणाम सामने है। एक वर्ष में श्री राम जन्म भूमि मंदिर में 700 करोड़ का चढ़ावा आया। इन लोगों (विपक्ष) को अब यह भी बुरा लगेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने मान लिया था कि आस्था में ताकत नहीं है, लिहाजा दुष्परिणाम भुगतना पड़ा। गुलामी के कालखंड में यह बात मन में डाली गई कि भारतीय को कमतर करके आंकों, उसे महत्वहीन कर दो। प्रधानमंत्री मोदी जी ने पहली बार भारतवासियों को अहसास कराया कि देश से जुड़े जीवन मूल्यों, आस्था तथा उत्पाद को महत्व देकर हम स्वयं की महत्ता को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा, दूसरों की उपलब्धियों के बजाय पूर्वजों की विरासत पर गौरव की अनुभूति करेंगे तो दुनिया को बहुत कुछ दे पाएंगे। आज प्रयागराज वही कर रहा है। प्रयागराज, काशी तथा अयोध्या ने अपनी क्षमता को उजागर किया। अनेक लोगों को रोजगार मिला तो कइयों की आमदनी बढ़ाने में भी मदद मिली। आदित्यनाथ ने कहा, महाकुंभ में अब तक 53 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। अगले नौ दिन तक यह उत्सव इसी रूप में जारी रहेगा। यही भारत की क्षमता है। भारत की आस्था को यदि सम्मान दिया गया होता तो भारत और भी ऊंचाइयों पर होता। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को सम्मान देकर किस तरह देश की एकता और आर्थिकी को प्रोत्साहित किया जा सकता है, यह प्रयागराज महाकुंभ के अवसर पर सहज ही अनुभव किया जा सकता है। युवा भारत संस्था के तत्वावधान में आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में मुंबई के औद्योगिक घरानों से जुड़े उद्यमी भी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा, देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में 25 करोड़ लोग रहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्ष के अंदर पहली बार देश की आस्था को सम्मान प्राप्त हुआ है।



**पिछले 10 वर्ष के अंदर पहली बार देश की आस्था को सम्मान प्राप्त हुआ है**

## देश के 60 बड़े स्टेशनों पर बनाए जाएंगे होल्डिंग एरिया

नई दिल्ली।



रेल मंत्रालय ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना को सबक की तरह लिया है। ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों में भीड़ प्रबंधन के लिए मैनुअल तैयार किया जाएगा। साथ ही ट्रेन आने के समय अफरातफरी को रोकने के लिए देश के 60 स्टेशनों के बाहर होल्डिंग एरिया बनाया जाएगा, ताकि ट्रेन आने के लगभग आधा घंटा पहले तक यात्रियों को रोका जा सके।

महाकुंभ के दौरान भीड़ प्रबंधन प्रोटोकाल को संशोधित करते हुए रेलवे ने प्रयागराज के आसपास के तीन सौ किलोमीटर के स्टेशनों पर तत्काल प्रभाव से सतर्कता का विशेष प्रबंध किया है। भीड़ बढ़ने पर एक सीमा से ज्यादा प्लेटफार्म टिकट नहीं दिए जाएंगे। नई दिल्ली स्टेशन पर हादसे के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में 18 लोगों की मौत के कारण भी बताए। हादसे ने रेलवे को भीड़ प्रबंधन के प्रति अतिरिक्त सजग किया है। मंत्रालय का मानना है कि देश में लगभग 60 ऐसे स्टेशन हैं, जहां त्योहारों एवं प्रमुख अवसरों पर भीड़ अचानक बढ़ जाती है। वहां ऐसी व्यवस्था की जाएगी कि जरूरत पड़ने पर होल्डिंग एरिया में ही यात्रियों को रोका जा सके।

## मिजार्पुर और लखनऊ मार्ग पर आठ किमी तक वाहनों की लंबी कतार

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ में आने वाली भीड़ के चलते संगमनगरी को जोड़ने वाली सभी सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। मिजार्पुर और लखनऊ मार्ग की स्थिति सबसे ज्यादा भयावह रही। यहां पर आठ से दस किलोमीटर लंबी कतार में वाहन रेंगते नजर आए। प्रतापगढ़, कानपुर और वाराणसी रोड पर भी यह स्थिति रही। जाम में फंसे लोग गुजरने वालों से पूछते रहे भैया अभी कितना लंबा जाम है। महाकुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को लगातार तीसरे दिन सोमवार को भी जाम से जूझना पड़ा।

## भगदड़ का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट एक्सपर्ट कमेटी बनाने की मांग की गई



नई दिल्ली।

याचिकाकर्ता के अनुसार, हाल ही में प्रयाग में कुंभ मेले में हुई भगदड़ सहित ऐसी कई भगदड़ें हुई हैं, लेकिन भीड़ नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए संसाधनों और प्रौद्योगिकी की उपलब्धता के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई है। 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के आलोक में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। वकील विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका में भीड़ प्रबंधन के लिए दिशानिर्देश और उपाय तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति के गठन की मांग की गई है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। प्रयागराज जहां महाकुंभ चल रहा है। वहां जाने के लिए ट्रेनों में चढ़ने का इंतजार कर रहे यात्रियों की भीड़ बढ़ गई थी। याचिका में कहा गया है कि भगदड़ शनिवार देर रात उस समय हुई जब हजारों लोग नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने के इंतजार में जमा थे। याचिकाकर्ता के अनुसार, हाल ही में प्रयाग में कुंभ मेले में हुई भगदड़ सहित ऐसी कई भगदड़ें हुई हैं, लेकिन भीड़ नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए संसाधनों और प्रौद्योगिकी की उपलब्धता के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि संसाधनों का आम आदमी के लाभ के लिए प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं किया जाता है, बल्कि केवल कुछ वीआईपी के लिए ही उपयोग किया जाता है। याचिकाकर्ता ने कहा कि आज हमारे पास पर्याप्त बल हैं, स्वयंसेवक हैं, हमारे पास तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है और फिर भी ऐसी घटना घटती है तो यह खेदजनक स्थिति है।

## मैक्रों-ट्रंप ने फोन पर की बात



**पेरिस।** फ्रांस में होने वाली यूरोपीय नेताओं की बैठक से पहले फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बातचीत की है। यह बातचीत यूरोप की इमरजेंसी बैठक से पहले हुई, जो यूक्रेन संकट पर हो रही है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बातचीत की। यह बातचीत यूरोप की इमरजेंसी बैठक से पहले हुई, जो यूक्रेन संकट पर हो रही है। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, इस चर्चा में रूस-यूक्रेन युद्ध और उससे जुड़ी स्थिति पर बात हुई। यूरोप में मैक्रों और ट्रंप के फोन कॉल के राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। यूरोपीय देशों की बैठक से पहले यह बातचीत अहम मानी जा रही है। वहीं मैक्रों ने यूरोपीय संघ के प्रमुख देशों और ब्रिटेन के नेताओं को एलिसी पैलेस में सोमवार को बुलाया था, जिससे इस बारे में चर्चा की जा सके कि यूक्रेन पर अमेरिकी कूटनीतिक हमले पर कैसे प्रतिक्रिया दी जाए। ट्रंप प्रशासन के शीर्ष अमेरिकी अधिकारियों ने पिछले सप्ताह पहली बार यूरोप की यात्रा की थी, जिसके बाद यह कयास लगाए जा रहे थे कि अमेरिका रूस के साथ अपने संबंधों को सुधारने के लिए तैयार है। फ्रांस में होने वाली यूरोपीय नेताओं की बैठक और अगले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी मुलाकात में यह मुद्दा अहम रहेगा।

यूरोपीय देश चिंतित हैं कि ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को कहीं कोई बड़ी रियायत न दे दें।

**यूरोप में मैक्रों और ट्रंप के फोन कॉल के राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं**

## आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर दर्ज की दूसरी जीत

नई दिल्ली।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की कप्तान स्मृति मंधाना ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। आरसीबी ने यह मैच आठ विकेट से अपने नाम किया। रॉयल चैलेंजर्ल बेंगलुरु (आरसीबी) ने कप्तान स्मृति मंधाना की शानदार पारी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मौजूदा सत्र में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। यह आरसीबी की डब्ल्यूपीएल में लगातार पांचवीं जीत है। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 141 रन बनाए थे। जवाब में आरसीबी ने 16.2 ओवर में दो विकेट पर 146 रन बनाकर जीत दर्ज की। आरसीबी के लिए मंधाना ने 47 गेंदों पर 10 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 81 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना ने सलामी बल्लेबाज डेनियल वाइट के साथ मिलकर आरसीबी को मजबूत शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 107 रनों की साझेदारी की। यह दिल्ली के खिलाफ डब्ल्यूपीएल में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है।



## तीव्रता कम फिर भी दिल्ली में क्यों ज्यादा महसूस हुए झटके

नई दिल्ली। भूकंप की तीव्रता सिर्फ 4.0 रहने के बावजूद दिल्ली और एनसीआर में रहने वाले लोगों को इतने तेज झटके क्यों महसूस हुए? दिल्ली में इससे तेज भूकंप आने की आशंका कितनी है और इससे कितना नुकसान हो सकता है? इसके अलावा चीन में ऐसी क्या व्यवस्था तैयार हो रही है, जिससे भूकंप का असर कम किया जा सकता है? इन सब सवालों के जवाब जानने के लिए अमर उजाला ने बात की नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के महानिदेशक ओपी मिश्र से।

## तुम्हारे पास हैं अब सिर्फ 2 दिन, हिजबुल्लाह ने नेतन्याहू को दिखाई आंखें

नई दिल्ली।

हिजबुल्ला के चीफ नईम खासिम ने इजरायल को चेतावनी देते हुए साफ कह दिया है कि युद्धविराम की शर्तों का सम्मान करते हुए अगर 18 फरवरी तक नेतन्याहू ने अपनी सेना यहां से वापस नहीं बुलाई तो इसके बुरे अंजाम होंगे। हिजबुल्लाह महासचिव नईम कासिम ने कहा कि इजराइल को 18 फरवरी तक लेबनान से पूरी तरह हट जाना चाहिए। एक तरफ इजरायल और हमास के बीच गाजा को लेकर तनातनी जारी है। सीजफायर भी चल रहा है। लेकिन बयानों के जरिए एक दूसरे को ललकारा जा रहा है। उधर लेबनान में भी हिजबुल्ला और इजरायल के बीच तलवारें खिचती नजर आ रही हैं। हिजबुल्ला के चीफ नईम खासिम ने इजरायल को चेतावनी देते हुए साफ कह दिया है कि युद्धविराम की शर्तों का सम्मान करते हुए अगर 18 फरवरी तक नेतन्याहू ने अपनी सेना यहां से वापस नहीं बुलाई तो इसके बुरे अंजाम होंगे।



## बुंदेलखंड ब्लास्टर्स ने काशी नाइट्स को 53 रनों से हराया



लखनऊ।

एलएलसी टेन10 में आज दिन के तीसरे मैच में ब्रज वारियर्स का सामना सुपर चैलेंजर्स से हुआ जिसमें ब्रज वारियर्स जीत दर्ज करने में सफल रहा। अब दिन के आखिरी मुकाबले में बुंदेलखंड ब्लास्टर्स ने काशी नाइट्स पर बड़ी जीत दर्ज की। रवि के नेतृत्व में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर बुंदेलखंड ब्लास्टर्स ने एलएलसी टेन10 के मुकाबले में काशी नाइट्स को 53 रनों से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। बुंदेलखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में चार विकेट पर 127 रन बनाए थे, जवाब में काशी नाइट्स की टीम 9.3 ओवर में 74 रन पर ऑलआउट हो गई। काशी के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज अजीत मोहिते ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए, लेकिन टीम का अन्य कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। बुंदेलखंड के लिए रवि के अलावा मोहम्मद कमिल त्यागी ने दो विकेट लिए, जबकि रोहन खरत, विशाल सिंह और आकाश लेफ्टी ने एक-एक विकेट झटके।

## ज्ञानेश कुमार होंगे देश के अगले मुख्य निर्वाचन आयुक्त

नई दिल्ली।

ज्ञानेश कुमार देश के मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे। वह मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की जगह लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय चयन समिति ने सोमवार शाम को ज्ञानेश कुमार के नाम की सिफारिश की, जिस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मुहर लगाई। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। वहीं, डॉ. विवेक जोशी तीन सदस्यीय चुनाव आयोग के नए सदस्य होंगे। अभी तक की परंपरा के अनुसार सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त को ही मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया जाता रहा है। राजीव कुमार के बाद ज्ञानेश कुमार सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त हैं। चुनाव आयुक्त के रूप में उनका कार्यकाल 26 जनवरी 2029 तक है। ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त बनाए जाने के कारण उनकी जगह रिक्त हुए पद पर डॉ. विवेक जोशी की नियुक्ति की गई है। बता दें कि राजीव कुमार 18 फरवरी यानी मंगलवार को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति की साउथ ब्लाक कार्यालय में बैठक हुई। इसमें पांच नाम रखे गए लेकिन नेता विपक्ष और समिति के सदस्य राहुल गांधी ने इन सभी नामों पर असहमति दर्ज कराई। समिति में पीएम मोदी और राहुल गांधी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह भी सदस्य हैं।

**धारा 370 से लेकर राम मंदिर तक से रहा नाता**



## संपादक की कलम से

### टैरिफ और कारोबार

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि अमेरिका की नीतियां ह्यअमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर ही समाप्त हो जाती हैं। दूसरी बार सत्ता में आए ट्रंप ने जिस आक्रामक तरीके से कनाडा,मैक्सिको व चीन आदि पर टैरिफ लगाए हैं, वैसी आक्रामकता उन्होंने भारत के प्रति नहीं दिखायी। हाल में व्हाइट हाउस में संपन्न प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की बातचीत कई मायनों में सकारात्मक रही। उसमें किसी तरह की तल्खी नजर नहीं आई। यह निर्विवाद सत्य है कि अमेरिका हमेशा अपने कारोबारी हितों को ही प्राथमिकता देता है। इस मुलाकात में यही नजर आया कि ट्रंप दोनों देशों के व्यापार संतुलन का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में करने को कटिबद्ध है। इस मुलाकात में उन्होंने टैरिफ का मुद्दा भी उठाया और व्यापार घाटे को कम करने के लिये अधिक तेल, गैस और सैन्य साजो–सामान खरीदने की जिम्मेदारी भारत पर डाल दी। दरअसल, भारत कुछ उन देशों में शामिल हैं जिनके साथ व्यापार का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में नहीं है। यही वजह है कि ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ तो की, लेकिन साथ ही भारत में अमेरिकी सामान पर तर्कसंगत कर लगाने की बात भी कही। यदि ट्रंप की मौजूदा नीतियां सिरे चढ़ी तो व्यापार की परिस्थितियां अमेरिका के अनुकूल भी हो सकती है। ट्रंप ने मोदी को अपनी तुलना में बेहतर सख्त वातार्कार बताया। दोनों नेताओं ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दुगना करने तथा लाभप्रद व्यापार समझौते के लिये बातचीत करने का संकल्प भी जताया। भविष्य में व्यापार समझौता अमेरिका के पक्ष में न झुके, इसमें पीएम मोदी के कूटनीतिक कौशल की परीक्षा भी होनी है। यहां उल्लेखनीय है कि मोदी–ट्रंप मुलाकात में रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में बातचीत सकारात्मक रही। दोनों देशों ने एक दस वर्षीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। जिसमें प्रमुख हथियारों और प्लेटफार्मों के सह–उत्पादन को आगे बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना का मार्ग प्रशस्त किया गया। वहीं दूसरी ओर यदि भारत को अमेरिकी एफ–35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों की प्रस्तावित आपूर्ति परवान चढ़ती है तो पड़ोसी देशों की बेचैनी और बढ़ जाएगी। इस यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण घोषणा यह भी रही है कि 26/11 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी गई है। यह पाकिस्तान को चेतावनी भी है कि वह अपनी जमीन से आतंकवादियों को सीमापार आतंकी हमलों को अंजाम देने में मदद बंद करे। अब इस्लामाबाद पर मुंबई और पठानकोट के आतंक हमलों के साजिशकताओं को सजा देने का दबाव भी बढ़ जाएगा। निस्संदेह, ट्रंप का टैरिफ आतंकवाद निगलने वाली कड़वी गोली हो सकती है।



ललित शर्मा
संपादक

# आखिर कौन, कैसे और कब तक पाएगा भीड़ से उत्पन्न भगदड़ पर काबू?

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी शनिवार की रात प्रयागराज महाकुंभ जाने को उतावली भीड़ ने ऐसी भगदड़ मचाई कि लगभग डेढ़ दर्जन लोगों की जान चली गई, जबकि दर्जनाधिक घायल भी हुए। इस बार भी मृतकों में महिलाओं (10) और बच्चों (3) की संख्या ज्यादा रही, जबकि पुरुषों (2) की संख्या उनसे कम रही। वहीं, दर्जनाधिक घायलों में भी लगभग 14 महिलाएं समेत कुल 25 लोग शामिल हैं। ये महज आंकड़े नहीं हैं, बल्कि हमारी संवेदनाशून्य व्यवस्था की विफलता के नमूने मात्र हैं। ऐसी घटनाओं पर आखिर कौन, कैसे और कबतक काबू पाएगा, यह यक्ष प्रश्न ब्रेक के बाद पुनः समुपस्थित है।

ऐसा इसलिए कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में भगदड़ के कई मामले सामने आए हैं। वहीं, इस बार तो महज एक महीने के अंदर ही भगदड़ के दो-दो मामले सामने आ चुके हैं, जो कि प्रशासन के लिए चिंता का विषय है। सवाल है कि जब महाकुंभ की तैयारियों को लेकर उत्तरप्रदेश प्रशासन लगातार डींगें हांक रहा था और केंद्र सरकार अपनी पीठ थपथपा रही थी, तब ऐसी हृदयविदारक घटनाओं का घटित होना उसकी तमाम व्यवस्थाओं पर सवालिया निशान लगा जाता है। सवाल यह भी है कि तमाम सकारात्मक राजनीतिक इच्छाशक्ति के बावजूद इतनी बड़ी प्रशासनिक चुकें कैसे हो गईं।

हैरत की बात तो यह है कि प्रारम्भिक तौर पर मीडिया माध्यमों में रेलवे के अधिकारी-कर्मचारी ऐसी किसी घटना व हताहतों के बारे में इंकार कर रहे थे, लेकिन सच्चाई अंत में उन्हें भी बयां करनी ही पड़ी। इससे समझा जा सकता है कि उनका सूचना तंत्र कितना विफल या फिर लोकहित विरोधी है। भले ही इन घटनाओं पर बड़े नेतागण और अधिकारियों के द्वारा खेद प्रकट किया गया हो, जिनके पास वैध टिकट होंगे, उन्हें रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल से मुआवजे भी मिल जाएंगे। लेकिन इससे उन परिवारों की व्यथा कम नहीं हो जाती, जिन्होंने अपने परिजनों को खोया है या फिर जिनके परिजन अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं।

बताया गया है कि सभी लोग नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में प्रयागराज के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए खड़े हुए थे। तभी ट्रेन सम्बन्धी उद्घोषणा के बाद प्लेटफार्म पर अफरातफरी और भगदड़ मच गई। ऐसे में सवाल है कि देश की राजधानी नई दिल्ली जैसे मुख्य रेलवे स्टेशन पर रेल प्रशासन ने समुचित व्यवस्था क्यों नहीं की थी। अब भले ही इसकी जांच होगी, पर परिणाम ढाक के तीन पात जैसे ही होंगे!

जाहिर है कि भीड़ और भगदड़ में अन्योन्याश्रय का सम्बन्ध है। लेकिन इनके नियंत्रण के समुचित उपाय कब तक दिखेंगे, किनके नेतृत्व में सब होगा, कुछ पता नहीं। तब तक ब्रेक के बाद होने वाले हादसों पर सवाल उठाते रहिए, चुनाव दर चुनाव राजनीतिक नेतृत्व बदलते रहिए, लेकिन ये अधिकारी हैं, जिनका सिर्फ तबादला होगा। क्योंकि उनकी जानलेवा लापरवाहियों के बावजूद उन्हें जिम्मेदार ठहराने के कानूनी प्रबंध नदारत हैं।

बता दें कि गत 29 जनवरी 2025 को प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 में मौनी अमावस्या से ठीक पहले भी एक दुःखद भगदड़ मची थी, जहां लगभग 30 लोगों की मौत हो गई थी और तकरीबन 60 लोग घायल हो गए थे। दरअसल, महाकुंभ मेले में ये हादसा 29 जनवरी के तड़के हुआ था, जब सभी लोग संगम नोज की तरफ नहाने के लिए जा रहे थे। तब यहां भी लाखों लोगों की भीड़ बेकाबू हो चुकी थी। जिसके बाद आनन-फानन में वीवीआईपी व्यवस्था बदल दी गई और अखाड़ों ने भी मौनी अमावस्या के लिए अपने पारंपरिक 'अमृत स्नान' को रद्द कर दिया और दोपहर बाद 'अमृत स्नान' किया। इससे भी धार्मिक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन सम्बन्धी सवाल उठे थे। यहां भी एक न्यायिक जांच आयोग का गठन करके प्रशासनिक खाना पूर्ति कर दी गई है। इसलिए भीड़ नियंत्रण सम्बन्धी विफलताओं पर जनसामान्य की चिंता ज्यादा बढ़ गई है।



वहीं, गत 8 जनवरी, 2025 को आंध्र प्रदेश के तिरुपति में मची भगदड़ में कम से कम 6 भक्तों की मौत हो गई थी, जबकि दर्जनों लोग घायल हो गए थे, क्योंकि सैकड़ों लोग तिरुमाला पहाड़ियों पर भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए टिकट पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे। बताया गया था कि तब 10 जनवरी से शुरू होने वाले 10 दिवसीय वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए देश भर से सैकड़ों भक्त यहां आए थे।

यदि आप पिछले कुछ वर्षों में भारत में हुई प्रमुख भगदड़ की घटनाओं की सूची खंगालेंगे तो पता चलेगा कि साल-दो साल बाद ऐसी घटनाओं की एक लंबी फेहरिस्त है। यदि पिछले दो दशकों की प्रमुख भगदड़ सम्बन्धी घटनाओं पर गौर करें तो 27 अगस्त, 2003 को महाराष्ट्र के नासिक में कुंभ मेले में भगदड़ के दौरान जहां 39 लोगों की मौत हो गई थी वहीं, 140 अन्य घायल हो गए थे। इसी प्रकार 25 जनवरी, 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के वाई शहर स्थित मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ के दौरान 300 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 100 अन्य लोग घायल हो गए थे।

वहीं, 3 अगस्त, 2008 को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में नैना देवी मंदिर में भगदड़ के दौरान 162 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि सैकड़ों की संख्या में लोग घायल हुए थे। तब यहां पहाड़ी की चोटी पर स्थित नैना देवी मंदिर में भूस्खलन की अफवाह के कारण मची भगदड़ मच गई थी। वहीं, 30 सितंबर, 2008 को राजस्थान के जोधपुर में चामुंडा देवी मंदिर में नवरात्रि के दौरान भगदड़ मचने पर 250 लोगों की मौत कुचले जाने से हो गई थी। क्योंकि इस दौरान भारी संख्या में तीर्थयात्री इकट्ठा हुए थे।

वहीं, 4 मार्च, 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में 63 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें अधिकतर बच्चे शामिल थे। इस मंदिर में मुफ्त भोजन और कपड़े के लिए हुई भारी भीड़ के कारण भगदड़ हुई थी। इसके अलावा, 15 जनवरी, 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में एक जीप के घर जा रहे तीर्थयात्रियों से टकरा जाने के कारण मची भगदड़ में कम से कम 104 सबरीमाला भक्त स्वर्गलोक सिधार गए थे, जबकि 40 से अधिक घायल हो गए थे।

इसके अलावा, 8 नवंबर, 2011 को उत्तराखंड के हरिद्वार में गंगा घाट स्थित हर-की-पौड़ी में 20 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि 19 नवंबर, 2012 को पटना के अदालत घाट पर एक अस्थायी पुल पर भीड़ के चढ़ जाने से उसके ढह जाने से 20 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, फरवरी 2013 को उत्तर प्रदेश में कुंभ मेले के सबसे व्यस्त दिन प्रयागराज रेलवे स्टेशन में भगदड़ हो गई थी। इस हादसे में कम से कम 36 हिंदू तीर्थयात्रियों की जान चली गई थी। मृतकों में 27 महिलाएं थीं, जिनमें एक आठ साल की बच्ची भी शामिल थी।

वहीं, 13 अक्टूबर, 2013 को मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास मची भगदड़ में 115 लोगों की मौत हो गई थी और 100 से अधिक घायल हो गए थे। तब यहां मंदिर में देवी दुर्गा की नौ दिवसीय पूजा-अर्चना के लिए 1,50,000 से अधिक लोग एकत्रित हुए थे। वहीं, 3 अक्टूबर, 2014 को पटना के गांधी मैदान में 30 लोगों की मौत हो गई थी तथा 26 अन्य लोग घायल हो गए थे।

इसी प्रकार, 14 जनवरी, 2015 को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में गोदावरी नदी के तट पर मची भगदड़ में 26 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि 1 जनवरी, 2022 को जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत ऐसी ही एक जानलेवा भगदड़ में हो गई थी। वहीं, 31 मार्च, 2023 को मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में रामनवमी समारोह के दौरान मची एक भगदड़ में लगभग 36 लोगों की मौत हो गई थी।

**-कमलेश पांडे**

## उदय किशोर साह
## चाँदनी
### कविता



अय चन्दा शीतल तेरी चाँदनी
जैसे बहती गंगा की निर्मल पानी
दादी नानी से सुना है तेरी कहानी
सुकून देती है अद्भूत है तूँ ज्ञानी

तुँ शायर की कलम की हो शायरी
तेरी ठंडक लगती सबको प्यारी
हर कवि लिखता है तुम पे कविता
तुम्हें देख कर चकोर भी है जीता

तुँ गजल है तूँ है मोहब्बत की कहनी
दो दिल धड़के तेरी ही जुवानी
पर तुम रोज जब नहीं आती हो
बता दो तुम मिलने किसे जाती हो

तम तेरे डर से भाग जब घर जाती
रजनी को तुम साथ ले धरा पे आती
तेरे प्रकाश से जग झलमल हो जाता
तुम्हें देख गीत कोई है गुनगुनाता

बदरी के आँचल में जब तुम छिप जाती
मन को दे तुम पीड़ा दे तुम हो तड़पाती
आज चन्दा तुम मेरे घर के मुड़ेर पे आना
चाहे कुछ भी कहे ये जालिम जमाना

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568


किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## मातृ पितृ पूजन दिवस का आगाज

# माता-पिता से गुस्ताखी अक्षम्य अपराध

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ में भारत की प्रतिष्ठा एक सुसंस्कारी आध्यात्मिक संस्कृति मान्यताओं प्रथाओं महिलाओं को देवी तुल्य स्थान व माता-पिता को संपूर्ण सृष्टि में श्रेष्ठ स्थान पर देखा जाता है। परंतु वर्तमान कुछ दशकों से पाश्चात्य संस्कृति की छाया भारत पर भी पड़ती हुई दिखाई दे रही है। यह मेरी निजी राय है कि वर्तमान मेंटेनेंस एंड वेलफेयर ऑफ पेरेंट्स एंड सीनियर सिटीजंस (अमेंडेड) एक्ट 2019 नाकाफी व अपर्याप्त सिद्ध होरहा है। अब समय आ गया है कि माता-पिता बुजुर्गों के साथ दुर्व्यहर, बुरा व्यवहार, अपमान व प्रताड़ित करने से रोकने के लिए एक जन जागरण अभियान की जरूरत है जिसे मातृ-पितृ दिवस के रूप में हर शहर हर गांव हर मोहल्ले में मनाकर जनजागरण करने की खास जरूरत है। इसी कड़ी में मैं रविवार दिनांक 16 फरवरी 2025 को रईस सिटी गोंदिया के संत कंवरराम मैदान पर रात्रि चल रहे मातृ-पितृ पूजन दिवस की ग्राउंड रिपोर्टिंग की, जहां माता-पिता को सम्मान देने के गुण सिखाने, मार्गदर्शन करने व माता-पिता की पूजा आरती घुमाकर करने, उनके चरणों में करीब 10-15 मिनट शीष झुककर क्षमादान माँगने का क्रम मैं देखकर गदगद हो उठा और इस विषय पर तुरंत आर्टिकल लिखने की ठानी और प्रक्रिया शुरू कर दी। चूँकि भारतीय संस्कृति माता-पिता का सम्मान व पूजन के लिए है, परंतु इसके विपरीत आज उनका अपमान प्रताड़ना कर उनका उपहास उड़ाया जाता है, जिसे रोकने के लिए यह जनजागरण अभियान चलाया गया था। करीब 14 वर्षों से यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसे हर शहर गांव मोहल्ले में हर समाज धर्म जाति को मातृ- पितृ पूजन दिवस मनाने की खास जरूरत है, विशेषकर इसे किसी पाश्चात्य मौज के दिवस पर मानना, मेरे विचार से बेहतर रहेगा। चूँकि माता-पिता गुरुजनों के हम ऋणी हैं, उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करके, आशीष पाकर जीवन में आगे बढ़ाने के अवसर हैं, तथा वर्तमान डिजिटल व पाश्चात्य प्रवृत्ति युग में युवाओं को माता-पिता के लिए समय नहीं है, इसीलिए माता-पिता पूजन दिवस मनाना जन जागरण के लिए सराहनीय कार्य है। इसलिए आज हम ग्राउंड रिपोर्टिंग के आधार पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, मातृ पितृ पूजन दिवस का आगाज, माता-पिता से गुस्ताखी अक्षम्य अपराध है।

साथियों बात अगर हम वर्तमान समय में माता-पिता बुजुर्गों के अपमान की करें तो, वैश्विक स्तरपर इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया के सहयोग से देख पढ़ सुन रहे हैं कि दुनियाँ में असंख्य माता पिता वह सीनियर सिटीजन बुजुर्ग व्यक्ति हैं जो अपनी संतान की दुत्कार सह रहे होंगे। आज मॉडर्न सोसाइटी का तर्क देकर माता-पिता, बुजुर्गों से दुर्व्यवहार किया जाता है। आज थोड़ी-थोड़ी बात पर माता-पिता बुजुर्गों को कहा जाता है कि चुपचाप बैठो, तुमको क्या समझता है, तुम सठिया गए हो अगर पिता पढ़ा लिखा है तो पढ़ा लिखा गंवार या बुजुर्ग गवार की संख्या दी जाती है। हालांकि भारत एक आध्यात्मिक, माता पिता का संबंध, बुजुर्गों की सेवा करने के विचारों महान मानवों का देश है। परंतु आज वह केवल उदाहरण बनकर रह गए हैं। प्रैक्टिकली अगर माता-पिता बुजुर्गों के जीवन में झांक कर देखा जाए तो आज की तारीख में उन्हें दुत्कार ही मिलती रहती है। मैंने अपनी गोंदिया राइस सिटी में इसे रिसर्च के तौर पर माता-पिता द्वारा 1 साल के बच्चों की परवरिश पर पूरा एक महीना ध्यान रखा था तो देखा वह अपने बच्चों को, माता-पिता अपने पलकों पर बैठा कर प्यार करते हुए ए ग्रेड का पालन पोषण कर रहे थे, तो दूसरी तरफ एक परिवार को देखा जिसमें जिसके दोनों बच्चे मुंबई पुणे और विदेश में रह रहे थे और मां लाचार होकर किचन में तो पिता छोटी सी दुकान पर! अपनें बुजुर्ग दौर के दिन मेहनत करके काट रहा था। तीसरी जगह देखा तो बच्चे अपने माता-पिता को दुत्कार कर रौब से बात कर रहे थे कि मानो वह उसके माता पिता नहीं उसके घर के नौकर है। यह तीनों ग्राउंड रिपोर्टिंग किस्से देखकर मैं दंग रह गया। यानें बच्चों को हम कितना लाड से पालते पोछते पढ़ाते और लाखों के पैकेज की नौकरी योग्य बनाते हैं कई बार तो उन्हें ढूंढ कर नौकरी भी दिलाते हैं, तो दूसरी ओर वह जाब करने बड़ी सिटियों या विदेश जाकर बस जाते हैं और माता-पिता बुजुर्गों को भूल जाते हैं। अगर बच्चे माता-पिता के साथ भी रहते हैं तो माता- पिता बुजुर्गों को नौकर बना कर रखते हैं, जो भारतीय सभ्यता संस्कृति के लिए शर्म की बात है। जिसे रेखांकित करना होगा।




साथियों बात अगर हम माता- पिता बुजुर्गों के अपमान को रोकने व माता-पिता के सम्मान में एक कानून बनाने की करें तो, हम प्रस्तावित कानून में माता-पिता व वरिष्ठ नागरिक (अत्याचार अपमान दुर्व्यवहार निवारण) विधेयक 2025 की जरूरत की करें तो, हमारा देश महान संतानों की भूमि है, यहां बच्चों से अपने बुजुर्ग माता-पिता की उचित देखभाल करने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन पीड़ादायक है कि नैतिक मूल्यों में इस कदर गिरावट आ गई है कि अपना सुख-चैन जिन बच्चों के लिए माता-पिता त्याग कर जीवन खत्म कर देते हैं, वही बच्चे उन्हें बुढ़ापे में दो जून की रोटी और मोहब्बत के लिए तरसा रहे हैं। आजकल कई मामलों में बच्चे अपने माता-पिता से संपत्ति प्राप्त करने के बाद उन्हें छोड़ देते हैं। जो न सिर्फ दुखद है, बल्कि सामाजिक और नैतिक मूल्यों में निरंतर आ रही गिरावट का प्रतीक भी है। हमारे सामाजिक मूल्यों में तेजी से आ रहे बदलाव की वजह से आज बुजुर्गों को अपनी ही संपत्ति में सुरक्षित रहने और संतानों की प्रताड़ना से बचने के लिये उन्हें अपने स्वअर्जित घर से बेदखल करने के लिए अदालतों की शरण में आना पड़ रहा है. इस तरह की उद्दंड संतानों को माता पिता के घर से बेदखल करने के आदेश भी अदालत दे रही हैं लेकिन यह सिलसिला बदस्तूर जारी है सामाजिक मूल्यों में आ रहे ह्रास का ही नतीजा है कि संपत्ति के लालच में मौजूदा दौर में बेटा-बहू और बेटी द्वारा अपने माता-पिता को बेआबरू करने की घटनाएं और इससे मजबूर होकर बुजुर्गों द्वारा कानूनी रास्ता अपनाने के मामले बढ़ रहे हैं। परिवारों में बुजुर्ग माता पिता और दूसरे वृद्ध सदस्यों को बोझ समझा जाने लगा है। कई बार तो उन्हें उनके ही स्वअर्जित घर से बेदखल करके दर बदर की ठोकरें खाने के लिये छोड़ दिया जा रहा है या फिर सुशिक्षित बेटे बहू उन्हें वृद्धाश्रम पहुंचा रहे हैं। हमारा देश महान संतान श्रवण कुमार की भूमि है, यहां बच्चों से अपने बुजुर्ग माता-पिता की उचित देखभाल करने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन पीड़ादायक है कि नैतिक मूल्यों में इस कदर गिरावट आ गई है कि अपना सुख-चैन जिन बच्चों के लिए माता-पिता त्याग कर जीवन खत्म कर देते हैं, वही बच्चे उन्हें बुढ़ापे में दो जून की रोटी और मोहब्बत के लिए तरसा रहे हैं। आजकल कई मामलों में बच्चे अपने माता-पिता से संपत्ति प्राप्त करने के बाद उन्हें छोड़ देते हैं. जो न सिर्फ दुखद है, बल्कि सामाजिक और नैतिक मूल्यों में निरंतर आ रही गिरावट का प्रतीक भी है।

साथियों बात अगर हम आदि अनादि काल से भारत माता की धरती पर माता-पिता को सर्वश्रेष्ठ गुरु मानने की करें तो वैश्विक स्तरपर आदि अनादि काल से भारत माता की धरती पर माता-पिता को सर्वश्रेष्ठ गुरू मानने के अनेकों या यूं कहें कि अनगिनत उदाहरण से इतिहास भरा पड़ा है परंतु वर्तमान परिपेक्ष में मैं यह महसूस कर रहा हूं कि समाज का एक बहुत बड़ा तबका अपने जीवन शैली को परिवर्तित करने में मुस्तैद है। आदि-अनादि काल से हमारे भगवानों की पूजा अर्चना हो रही थी परंतु वर्तमान समय में उपवास पूजा अर्चना तो क्या उनकी तस्वीर भी हटा दी गई है और बहुत ही जोर-शोर से नए आधुनिक बाबाओ गुरुवारों की सेवा में मुस्तैद हो गए हैं। अलग-अलग स्तरपर उनकी गुरु दीक्षा लेकर केवल उनके ही हो गए हैं। यहां तक कि अपने माता पिता का दर्जा भी अपने उस गुरुवार से कम कर दिया है। मैं देख रहा हूं कि आजकल उन भक्तगणों सेवकों के लिए अपने गुरुवरों की आज्ञा सर्वोपरि हो गई है, उनपर सर्वस्व निषेश्वर कर देते हैं। जबकि अपने माता-पिता की अवज्ञा करने में बिल्कुल पीछे नहीं हटते उनका सम्मान की जगह अपमान करते हैं।

# डीएम साहब 747 छात्र-छात्राओं का भविष्य शिक्षकों के अभाव में अधर में कैसे पढ़ेंगे बिन शिक्षकों के छात्र

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** प्रदेश सरकार द्वारा बेहतर शिक्षा देने के वायदे किए जाते रहे हैं।वही सरकार द्वारा दुरस्त क्षेत्रों में पहले शिक्षकों को तैनाती देने के वायदे किए गए मगर अब भी कपकोट के दूरस्थ क्षेत्र के गोगिना में शिक्षकों के पद रिक्त होने से ग्रामीणों में सरकार शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन के खिलाफ नाराजगी है। ग्रामीणों ने सरकार और जिला प्रशासन पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अधिकारी भी दूरस्थ क्षेत्रों में बेहतर शिक्षा देने की सूचनाएं देते हैं परंतु जमीनी हकीकत अलग ही है। कहा कि लम्बे समय से विद्यालय में शिक्षकों की मांग को लेकर विधायक शिक्षाधिकारी सहित मुख्यमंत्री को लेकर ज्ञापन दे चुके हैं परंतु अब तक विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति नही की गई है।कपकोट विकास खंड के राउमा विद्यालय गोगिना में 747 छात्र-छात्राओं के लिए मात्र दो अध्यापक तैनात हैं। जबकि कई विदयालयों में दो बच्चों में दो अध्यापक तैनात किए गए हैं।

गोगिना के ग्रामीण सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचे।उन्होंने शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर प्रदर्शन करते हुए नाराजगी जताई और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि राजकीय उच्चतर माध्यममि विद्यालय गोगिना में 747 छात्र- छात्राएं अध्ययनरत हैं। जिनके लिए मात्र दो अध्यापकों की तैनाती की गई है इनमें से एक शिक्षक अधिकांश समय पर विदयालयी अन्य क्रियाकलापों या प्रशासनिक कार्यों में व्यस्त रहते हैं। जिससे छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है।कहा की लम्बे समय से छात्रों को अच्छी शिक्षा मिले उन्हें विद्याध्ययन हेतु सभी विषय के शिक्षक मिले तो बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सकती है।पर छात्र संख्या अधिक होने के बाद दूरस्थ क्षेत्र में पहले शिक्षकों को प्राथमिकता में भेजने की नीति के बाद भी विद्यालय में शिक्षकों का टोटा बना हुआ है।अब तक सरकार द्वारा यहां पर अतिथि शिक्षकों की तैनाती भी नहीं की है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई बार शिक्षा विभाग के अधिकारियों व क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया परंतु किसी के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे अभिभावकों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से गांव में अध्यापकों की तैनाती किए जाने की मांग की है।

जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने ग्रामीणों को शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन देते हुए सीईओ को कार्रवाई के आदेश दिए हैं। बता दें कि जनपद के कई विदयालयों में दो से पांच बच्चों के लिए दो-दो अध्यापकों की तैनाती की गई है। जबकि कई दूरस्थ विदयालयों में अध्यापकों की तैनाती नियमानुसार नहीं किया जा रहा है। जिलाधिकारी से मुलाकात करने वालों में ग्राम पंचायत प्रशासक शीतल रौतेला, संजय कुमार, पुष्कर सिंह रौतेला, हयात राम आर्या, दुर्गा सिंह रौतेला, लक्ष्मण राम, भगवत सिंह रौतेला आदि उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई चकबंदी विभाग की समीक्षा



वेलकम इंडिया

**हापुड़।** जनपद की कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में चकबंदी विभाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चकबन्दी विभाग में कार्यरत बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी / चकबन्दी अधिकारी / सहायक चकबन्दी अधिकारीगण उपस्थित रहे है।

जनपद हापुड में कुल 24 ग्राम चकबन्दी प्रक्रियाधीन है, जिसमें से जनपद हापुड में 16 ग्राम तहसील-गढ़मुक्तेश्वर के नवप्रसारित तथा इसके अतिरिक्त 01 ग्राम पूर्व से चकबन्दी प्रक्रियाओं में प्रचलित है तथा तहसील हापुड के 05 ग्राम तथा 01 ग्राम नवप्रसारित हैं तथा तहसील-धौलाना का 01 ग्राम चकबन्दी प्रक्रियाओं में प्रचलित है।

उक्त ग्रामों में जिलाधिकारी / जिला उप संचालक चकबन्दी महोदया हापुड द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की चकबन्दी निदेशालय स्तर से जारी कार्य योजना के अनुरूप कार्य प्रगति बढाने तथा चकबन्दी न्यायालयों में 03 वर्षों से अधिक पुराने वादों वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किये जाने हेतु व शासन / चकबन्दी निदेशालय / जिला स्तर पर प्राप्त परिवाद/आई०जी०आर०एस० के गुणवत्ता पूर्ण ससमय निस्तारण के निर्देश भी दिये गये है।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने चकबंदी अधिकारी को निर्देश दिए गए कि चकबंदी को लेकर जो भी समस्या मेरे द्वारा मार्क करके आपको प्रेषित की जाती है आगामी बैठक से पूर्व उसमें क्या कार्रवाई की गई उसकी जानकारी भी फोटो सहित उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# पुलिस ने गांजा तस्करी करने वाले गिरोह के दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, गांजा बरामद




**हापुड़।** जनपद के थाना हाफिजपुर पुलिस ने एंटी नारकोटेक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) व हाफिजपुर पुलिस ने अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्कर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब चार करोड़ रुपये (अनुमानित अंतर्राष्ट्रीय मूल्य )का गांजा बरामद कर लिया है। पकड़े गए आरोपी उड़ीसा से गांजा तस्करी कर ला रहे थे। जिसे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों और दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में सप्लाई करना था।थाना प्रभारी हाफिजपुर आशीष पुंडीर ने बताया क एएनटीएफ टीम से सूचना मिली कि अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्कर गिरोह के सदस्य मादक पदार्थ लेकर जा रहे थे।इस सूचना पर टीम का गठन कर हाफिजपुर थाने के पास संदिग्ध लोगों और वाहनों की जांच शुरू कर दी। इसी बीच एक संदिग्ध कैंटर आती दिखाई दी। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर गाड़ी को कब्जे में लेकर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कैंटर की जांच करने पर उसने गांजा बरामद हुआ।पुलिस ने बताया कि पकड़े ए आरोपियों में धर्मवीर उर्फ बिन्दर निवासी ग्राम खानपुर कलां थाना गोहाना सदर जनपद सोनीपत हरियाणा हाल पता-कोट मोहल्ला धानक बस्ती थाना शहर जनपद सोनीपत हरियाणा। सफेद सिंह पुत्र रण सिंह निवासी ग्राम भटगांव थाना सदर सोनीपत जनपद सोनीपत हरियाणा ।08 कुन्तल 01 किलोग्राम अवैध गांजा (अनुमानित अंतर्राष्ट्रीय मूल्य लगभग 04 करोड़ रुपये),तस्करी में प्रयुक्त कैंटर,1,300 रुपये,मोबाइल फोन, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस व एक एटीएम कार्ड आदि।

# ट्रेनों के हैवी कंजेशन के कारण कुछ ट्रेनों को निरस्त किया जा रहा

**लखनऊ।** महाकुंभ 2025 के तहत चलने वाली मेला स्पेशल ट्रेनों के हैवी कंजेशन के कारण लखनऊ मंडल से प्रारंभ होने वाली /होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेनों को निरस्त किया जा रहा है गाड़ी संख्या 54254/54253 लखनऊ प्रयागराज संगम लखनऊ दिनांक 18 फरवरी 2025 से 20 फरवरी 2025 तक निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 54214/54213 जौनपुर प्रयागराज संगम जौनपुर 18 फरवरी से 20 फरवरी 2025 निरस्त है। गाड़ी संख्या 54375/54376 प्रयाग संगम जौनपुर प्रयागराज संगम 18 फरवरी से 20 फरवरी 2025निरस्त है।गाड़ी संख्या 14201 जौनपुर रायबरेली इंटरसिटी 17 से 20 फरवरी 2025 निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 14202 रायबरेली जौनपुर इंटरसिटी दिनांक 18 फरवरी 2025 से 20 फरवरी 2025 तक निरस्त रहेगी।

# टीबी मुक्त पंचायत की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक संपन्न

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा जी के कुशल नेतृत्व में एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार त्यागी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टी0 बी0 मुक्त पंचायत की जिला स्तरीय कमेटी का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में किया गया।

जिला स्तरीय कमेटी में जिला पंचायत राज अधिकारी शिव बिहारी शुक्ला व सभी सहायक विकास अधिकारी(पंचायत )एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हापुड़ के पदाधिकारियों एवम्स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारियों ने प्रतिभा किया मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार त्यागी जी ने बताया कि इस वर्ष जनपद हापुड़ की 51 ग्राम पंचायत ने टीवी मुक्त के लिए दावा किया है इन सभी ग्राम पंचायतों ने शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के सभी बिंदुओं को सत प्रतिशत पूरा किया है इन सभी ग्राम पंचायत में प्रति 1000 की आबादी पर 30 जांच पूरी हो चुकी है एवं इन ग्राम पंचायत में 1000 की आबादी पर एक मरीज या उससे कम टीवी मरीज पाए गए हैं ।जो भी मरीज मिले हैं उनका उपचार आरंभ कर दिया गया है एवं भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली निश्चय पोषण योजना का लाभ इन सभी मरीजों को दिया जा चुका है साथ ही इन सभी मरीजों को स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा निश्चय पोषण पोटली का भी वितरण किया जा चुका है ।इन 51 ग्राम पंचायत में से 2 ग्राम पंचायत का चयन सिल्वर पदक के लिए किया गया है ।इन दोनों ग्राम पंचायत को गत वर्ष कांस्य पदक दिया जा चुका है ।बाकी 49 ग्राम पंचायतों को कांस्य पदक के लिए नामित किया गया है ।इन सभी ग्राम पंचायतों के डॉक्यूमेंट का वेरिफिकेशन ब्लॉक स्तरीय कमेटी द्वारा करके जिला प्रशासन को अग्रसारित कर दिया गया जिला छह रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह ने बताया की जिला प्रशासन द्वारा यह रिपोर्ट राज्य स्तरीय कमेटी को भेजी जाएगी ।उसके बाद राज्य स्तरीय कमेटी द्वारा यह रिपोर्ट सेंट्रल टीवी डिविजन दिल्ली को भेजी जाएगी सेंट्रल टीवी डिवीजन द्वारा अंतिम रूप से निर्णय लिया जाएगा ।जिला पी0 पी0 एम0 समन्वयक सुशील चौधरी ने बताया कि इन पंचायतों को सभी डाक्यूमेंट्स के सत्यापन के बाद सेंट्रल टीवी डिविजन नामित करेगी उन सभी ग्राम पंचायत को 24 मार्च 2025 को विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला पर्यावरण समिति और जिला गंगा समिति की बैठक



वेलकम इंडिया

**हापुड़।** जनपद में जिला पर्यावरण/वृक्षारोपण समिति और जिला गंगा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा की अनुमति द्वारा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आयोजित की गई।

जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा द्वारा निर्देश दिये गये कि आगामी वृक्षारोपण कार्यक्रम वर्ष 2025-26 के अंतर्गत भूमि चिन्हकांन कर सूचना प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय हापुड़ को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने द्वारा जिन विभागों की जियो टैगिंग 100% पूर्ण नहीं हुई है निर्देशित किया कि वे शीघ्र कार्य पूर्ण कर पोर्टल पर अपलोड़ करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी महोदया ने निर्देशित किया की उट पोर्टल हेतु पौध की जीवितता की सूचना भी दिनांक 25.02.2025 तक कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी हापुड़ को उपलब्ध करना सुनिश्चित करें। जिला पर्यावरण समिति की बैठक मे जिलाधिकारी ने सिंगल यूज प्लास्टिक, इलेक्ट्रॉनिक, बायोमेडिकल अवशिष्ट पदार्थों के निस्तारण के लिए बेहतर रणनीति बनाकर निर्धारित नियमानुसार निस्तारित कराने के निर्देश दिए।

# जनता दरबार मे जिलाधिकारी ने सुनी जनसमस्याएं

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सोमवार को जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में तहसील सभागार में जनता दरबार कार्यक्रम आयोजित हुआ। जनता दरबार कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनता दरबार कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए फरियादियों द्वारा 19 समस्या और शिकायतें दर्ज हुई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की व्यवहारिक समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तत्परता के साथ कार्य किए जाए। कहा कि जिन समस्याओं एवं शिकायतों का समाधान नही हो पा रहा है,या शासन स्तर के मामले है,ऐसे मामलों को तय समय के भीतर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। विभागाध्यक्ष अपने स्तर से भी निरंतर बैठक कर शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

जनता दरबार कार्यक्रम में गोगिना के ग्रामीणों ने राप्रावि गोगिना धारी में अध्यापकों की नियुक्ति करने व क्षेत्र में स्वास्थ सुविधाओं को सुद्दढ करने की मांग,मोटर मार्ग निर्माण के दौरान कटी नाप भूमि का मुआवजा दिलाने, विद्युत बिल ठीक काराने, मंडलसेरा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का समाधान करने सिचाई नहर मरम्मत कार्य कराने, जुनायल गांव में पैदल रास्ता बनाने के साथ ही सौर उर्जा लगाने व पुलिया निर्माण कराने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

वही बिलौना वार्ड के मल्लइलागैर के बाशिंदों ने समड़मंदिरके समीप से बनने वाली सड़क निर्माण सर्वे में गलत तरीके से चुनिंदा लोगों को ही सड़क सुविधा का लाभ दिलाने की कोशिश किए जाने और आमजनता से बगैर राय लिए हुए अधिकांश जनों को सड़क सुविधा का लाभ नहीं मिल पाने की शिकायत की। जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए तत्काल लोनिवि के अधिशासी अभियंता को फटकार लगाते हुए शीघ्र सभी लोगों को सड़क सुविधा का लाभ मिले इसके लिए सभी स्थानीय लोगों के साथ रायसुमारी किए बगैर सड़क का सर्वे किए जाने पर नाराजगी जताते हुए लोनिवि अभियंता को फटकार लगाई और शीघ्र सड़क का सभी लोगों के हितों को ध्यान में रखकर तत्काल सभी स्थानीय वाशिंदों के अनुरूप सड़क का निर्माण किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन को लेकर विभागों की लापरवाही कतई भी बर्दाश्त नही की जाएगी। डीएम ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल को अधिकारी नियमित रूप से लॉगिंग करें और शिकायतकर्ता से भी पोर्टल के माध्यम से संवाद स्थापित करें। हैलो बागेश्वर में दर्ज होने वाली छोटी छोटी व्यक्तिगत समस्याओं को भी अधिकारी तत्परता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

जनता दरबार में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ कुमार आदित्य तिवारी, उपजिलाधिकारी मोनिका, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सोन, ईई जल निगम वी के रवि, जल संस्थान ईई सीएस देवडी, जल ग्रामीण निर्माण विभाग संजय भारती, कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास मंजुलता यादव, पर्यटन अधिकारी पीके गौतम सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# यूपी सिडको सीए योगेन्द्र पाल सिंह ने भाजपा जिला कार्यालय में में गिनाई भाजपा सरकार के बजट की अच्छाईयां, कहा- इस बजट की विरोधियों ने भी की सराहना

वेलकम इंडिया




**हाथरस।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय पर केन्द्रीय बजट संगोष्ठी एवं प्रेसवार्ता आहूत हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वाईपी सिंह चेयरमैन यूपी सिडको (राज्य मंत्री) रहें। मुख्य अतिथि ने केन्द्रीय बजट पर बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने हमेशा राष्ट्र निर्माण में मध्यम वर्ग की सराहनीय ऊर्जा और क्षमता पर विश्वास किया है, उनके योगदान को मान्यता देते हुए, सरकार ने समय-समय पर उनके कर के बोझ को कम किया है, 2014 के ठीक बाद, 'शून्य कर' स्लैब को बढ़ाकर 2.5 लाख कर दिया गया, इससे 1.7 करोड़ किसानों को मदद मिलेगी, किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी 7.7 करोड़ किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों को अल्पावधि ऋण की सुविधा प्रदान करता है, संशोधित ब्याज सहायता योजना के तहत ऋण के लिए केसीसी ऋण सीमा ?3 लाख से बढ़ाकर ?5 लाख की जाएगी, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए ऋण सीमा को 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये किया गया है , जिससे अगले 5 वर्षों में 1.7लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऋण उपलब्ध होगा, स्टार्टअप्स के लिए 10 करोड़ से 20 करोड़ रुपये तक , आत्मनिर्भर भारत के लिए महत्वपूर्ण 27 फोकस क्षेत्रों में ऋण के लिए गारंटी शुल्क को घटाकर 1 प्रतिशत किया गया , अच्छी तरह से संचालित निर्यातक एमएसएमई के लिए 20 करोड़ रुपये तक के सावधि ऋण, एमएसएमई को उच्च दक्षता, तकनीकी उन्नयन और पूंजी तक बेहतर पहुंच प्राप्त करने में मदद करने के लिए , सभी एमएसएमई के वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा को क्रमशः 2.5और 2 गुना तक बढ़ाया जाएगा । हाथरस सांसद अनूप प्रधान बाल्मीक ने बजट पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रोगियों, विशेषकर कैंसर, दुर्लभ बीमारियों और अन्य गंभीर दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित रोगियों को राहत प्रदान करने के लिए सरकार ने 36 जीवनरक्षक औषधियों को मूल सीमा शुल्क बीसीडी से पूर्ण छूट वाली औषधियों की सूची में जोड़ने का प्रस्ताव किया है एवं सरकार उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख रुपये की सीमा वाले 'कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड' शुरू करेगी ,पहले वर्ष में ऐसे 10 लाख कार्ड जारी किए जाएंगे, फुटवियर और चमड़ा क्षेत्र के लिए एक फोकस उत्पाद योजना लागू की जाएगी , इस योजना से 22 लाख लोगों को रोजगार मिलने 4 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने और 1.1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात होने की उम्मीद है । सदर विद्यायक अंजुला सिंह माहौर ने कहा कि सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 कार्यक्रम यह योजना देश भर में 8 करोड़ से अधिक बच्चों 1 करोड़ गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं तथा आकांक्षी जिलों और पूर्वोत्तर क्षेत्र में लगभग 20 लाख किशोरियों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान करती है। पोषण सहायता के लिए लागत मानदंडों को उचित रूप से बढ़ाया जाएगा, अगले 5 वर्षों में सरकारी स्कूलों में 50 हजार अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की जाएंगी पिछले 10 वर्षों में 23 आईआईटी में छात्रों की कुल संख्या 65 हजार से 1.35 लाख तक 100 प्रतिशत बढ़ गई है।

# सभी स्थानीय वाशिंदों को मिले मोटर मार्ग का लाभ

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** नगर पालिका के बिलौना वार्ड के मल्ला गैर के बाशिंदों ने बिलौनासेरा- गड़ियागांव लिंक रोड को सभी स्थानीय वाशिंदों को सड़क सुविधा का लाभ मिले इसी आधार पर सड़क का निर्माण किए जाने की मांग की।मांग के अनुसार पूर्व में किए गए सर्वे में वार्ड के ऊपरी तोक पर स्थित वाशिंदों के आधार पर ही लोनिवि द्वारा सड़क का सर्वे बनाने के आरोप लगाते हुए सभी वाशिंदों के हितों को ध्यान में रखकर सड़क सुविधा का लाभ दिए जाने की मांग की।और अपनी मांग को लेकर तहसील सभागार में प्रदर्शन किया।

मल्लागैर के वाशिंदों ने सोमवार को विधायक पार्वती दास को ज्ञापन सौंपा।जिसके बाद स्थानीय वाशिंदे तहसील सभागार में आयोजित जनता दरबार मे अपनी मांग को लेकर पहुँचे। जिसके बादउन्होंने सड़क निर्माण को लेकर पूर्व में लोनिवि द्वारा किए गए सर्वे को लेकर सवालिया निशान उठाते हुए लोनिवि द्वारा कुछ लोगो को विश्वास में लेकर सभी वाशिंदों को बताए बगैर स्थानीय वाशिंदों की उपेक्षा करने के आरोप लगाए।वही किए गए सर्वे में पुनः सुधार करते हुए सभी वाशिंदों को सड़क सुविधाका लाभ दिए जाने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। जिसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी आशीष भटगाई को ज्ञापन सौंपाऔर मोटर मार्ग का निर्माणस्थानीय वाशिंदों के हितों को ध्यान में रखकर किए जाने की मांग की। जिस पर डीएम ने लोनिवि को तत्काल सभी स्थानीयों को सड़क सुविधा का लाभ दिलाने के निर्देश देते हुए शीघ्र नया सर्वे कर रिपोर्ट जिलाधिकारी कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए।

इस दौरान दीवान सिंह नगरकोटी, महेंद्र सिंह दफौटी,राजेश चंद्र पांडे, नर बहादुर, प्रकाश चंद्र, चंदन प्रसाद, दीपकप्रसाद, अनिल कुमार, राधा देवी, सरेश थापासहित दर्जनों वाशिंदे मौजूद थे।

# न्याय के मन्दिर (जिला न्यायालय) भरतपुर में हो रहा है मानव अधिकारो का उल्लंघन - एड.राजा भईया ने जिला जज को दर्ज कराई शिकायत

वेलकम इंडिया

भरतपुर। राजस्थान के बड़े जिलों में से एक प्रख्यात जिला है और यह उत्तर प्रदेश की सीमा से लगा हुआ राजस्थान प्रदेश का पहला जिला भी है यहां के जिला न्यायालय के नवीन भवन का निर्माण करोड़ों रुपयों की लागत से राज्य सरकार द्वारा किया गया और इसे न्यायिक कार्यों के लिऐ संबंधित जिला न्यायाधीश महोदय एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों के अधीन किया जा चूका है न्याय के मन्दिर के इस नवीन भवन में सीजेएम सहित अन्य कई अतिरिक्त जिला जज एवं विशिष्ट अतिरिक्त जिला जजों के न्यायालय कार्यरत हैं परन्तु बड़ी अजीब विडम्बना है कि इस न्याय के मन्दिर में रोज आने जाने वाले वादी, प्रतिवादी, गवाहों एवं आगंतुकों के बैठने के लिए किसी भी कोर्ट रूम के बाहर एक भी बैंच या कुर्सियों की कोई व्यवस्था नहीं है और तमाम आगंतुक



महिला, पुरुष, बच्चे बुजुर्ग आदि यहां मजबूरन जमीन पर बैठने को मजबूर हैं और जमीन पर ही बैठते हैं जो कि मानव अधिकारो का सीधा सीधा उल्लंघन और मानवता का अपमान है यह बातें आज हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने पत्रकारों से कही इस बाबत उन्होंने बताया कि वह अपने एक प्रकरण में यहां जिला अदालत में आते जाते रहते हैं पिछले दिनों उन्होंने देखा कि यहां के नवीन न्यायालय भवन में अदालत कक्षों के बाहर आगंतुकों के बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है यहां तक की महिलाऐं बच्चे और बुजुर्ग भी जमीन पर बैठे हुए हैं इसे लेकर उन्होंने भरतपुर जिले के जिला न्यायधीश महोदय एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को ई मेल द्वारा अदालत परिसर के फोटों सहित लिखित शिकायतें दर्ज कराई हैं और जल्द ही इस ओर ध्यान दें कर यहां आगंतुकों के बैठने हेतु न्यायालय कक्षों के सामने जनहित व मानवता हित में बैंच व कुर्सियां आदि लगवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को देने की मांग की है, इस बाबत उन्होंने भेजी गई शिकायतों और कोर्ट परिसर के नवीन भवन की फोटों पत्रकारों को साझा करते हुऐ यह जानकारी दी। अब देखना होगा कि राजा भईया की जनहित व मानवता की भलाई के लिए की गई यह मांग कब तक पूरी होती है।



# जामिया उमामा लिलबनात सेमरियावां में दस वर्ष बाद हुआ दीक्षांत समारोह

वेलकम इंडिया

संतकबीरनगर। महिला शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु सेमरियावां में स्थापित जामिया उमामा लिल बनात में इतवार की रात भव्य कार्यक्रम का आयोजन की गया। मौलाना कफील अहमद नदवी की अध्यक्षता में 237 आलीमात समकक्ष स्नातक को डिग्री वितरित कर सम्मानित किया गया।साथ ही 15 महिला हाफिज ए कुरान को भी पुरस्कृत व सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन तसनीम फातिमा और प्रिंसिपल रोकयया फलाही ने किया।

इस निस्वाँ कालेज की स्थापना स्व हाफिज इम्तियाज अहमद नदवी ने की थी।कम समय में ही इस कॉलेज ने खूब तरक्की कर प्रसिद्धि हासिल की।अब तक सैकड़ों महिलाओं ने शिक्षा ग्रहण सनद हासिल कर चुकी हैं। रविवार की देर रात तक चले इस वार्षिक उत्सव



कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने कलाम पाक की तिलावत,हम्द,नात पाक,शिक्षाप्रद ड्रामे,समाज सुधार संबंधी हिंदी उर्दू अरबी अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया।

नदवा कालेज लखनऊ के प्राचार्य मुख्यातिथि मौलाना मो सुहैब हसनी नदवी ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को शतप्रतिशत शिक्षित करना बेहद जरूरी है। महिला हमारे समाज की एक प्रमुख स्तंभ है।इनके शिक्षित होने से पूरे नस्ल पर प्रभाव पड़ेगा।इस अवसर विद्यालय प्रबंधक सरफराज अहमद नदवी ने सभी आगंतुकों को स्वागत किया।कार्यक्रम में मशहूर आलम चौधरी,जिला पंचायत मोहम्मद अहमद,एजाज अहमद करखी, फरहान अहमद नदवी, अब्दुर्रहमान नदवी,मौलाना नसीर अहमद नदवी,मुनीर अहमद नदवी, फैयाज अहमद,मेराज अहमद,अब्दुल अजीम नदवी,जफीर अली करखी, मुजीबुल्लाह प्रिंसिपल, मो मुकर्रम एडोकेट, रजी अहमद,वसीम अहमद ,मौलाना नसीर अहमद,मौलाना शफीऊर्रहमान,एजाज मुनीर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# हरिवंश महाप्रभु की जन्मभूमि में चल रही है श्रीमद्भागवत कथा



मथुरा। वंशी अवतार रसिकाचार्य गोस्वामी श्रीहित हरिवंश चन्द्र महाप्रभु की जन्मभूमि (श्रीजी मंदिर) बाद ग्राम में 12 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है, जिसमें व्यासपीठ पर विराजमान रामप्रकाश भारद्वाज द्वारा भक्तों को कथा का रसपान कराया जा रहा है। व्यास महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण एक पवित्र ग्रंथ है, यह भक्ति और आध्यात्मिकता का ज्ञान देता है। इसे सुनने से भक्ति और आस्था बढ़ती है और यह कलियुग के समस्त दोषों को भी नष्ट करता है। श्रीमद्भागवत की चतुर्थ दिवस कथा में नन्दोत्सव मनाया गया। नन्दोत्सव में भक्तों ने जमकर बधाईयाँ लूटीं एवं अन्य भक्तों को भी लुटाईं। नन्दोत्सव में बड़ा रासमण्डल वृन्दावन धाम के श्रीमहंत लाड़िली शरण महाराज सहित महंत सच्चिदानंद महाराज, महंत सुन्दर दास महाराज व अन्य संतजन कथा श्रवण करने एवं भक्तों को आशीर्वचन देने के लिए हरिवंश महाप्रभु की जन्मभूमि (श्रीजी मंदिर) बाद ग्राम पहुंचे। वृन्दावन से आए संतों का हरिवंश महाप्रभु की जन्मभूमि में ढ़ोल-नगाड़ों के साथ बाद ग्रामवासियों ने भव्य स्वागत किया। नन्दोत्सव में संतों ने भक्तों को आशीर्वचन दिए।

# चेकिंग करने गई ऊर्जा निगम की टीम के साथ अभद्रता, मारपीट

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में मॉर्निंग रेड अभियान के अंतर्गत चेकिंग करने गई ऊर्जा निगम की टीम के साथ एक ग्रामीण ने गाली-गलौज करते हुए अभद्रता कर दी ऊर्जा निगम के अवर अभियंता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सुबह सवेरे ऊर्जा निगम की टीम अवर अभियंता संजय राणा के नेतृत्व में टीम पुलिस सुरक्षा लेकर क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में बिजली चोरी की रोकथाम करने के लिए छापेमारी करने एवं बकाया वसूली के साथ जमा नहीं करने पर कनेक्शन काटने गई थी। ऊर्जा निगम की टीम का आरोप है कि जब विद्युत विभाग की टीम एक उपभोक्ता पर बकाया होने पर कनेक्शन कटने लगी तो आरोपी ने ऊर्जा निगम की टीम के साथ गाली-गलौज करते हुए अभद्रता कर मारपीट कर दी। शोर शराबा होने पर दर्जनों ग्रामीण भी इकट्ठा हो गए ऊर्जा निगम की टीम जान बचाकर मौके से चली आई।

# चिंताहरण महादेव मंदिर में भक्तों को अब मिलेगी शीतल जल सेवा

वेलकम इंडिया

मथुरा। कान्हा की नगरी में आगामी समय में बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए भक्तों के लिए इंडियन ऑयल उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइंस ने सीएसआर निधि से ब्रज क्षेत्र में कई स्थानों पर वाटर कूलर लगाए हैं, जिनकी साधु-संतों एवं ब्रजवासियों द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की गई है। बाबा चिंताहरण महादेव मंदिर परिसर में वाटर कूलर लगाए जाने पर बाबा चिंताहरण महादेव मंदिर के सेवायत आचार्य अनिल पांडेय ने इंडियन ऑयल उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइंस के द्वारा दी गई वाटर कूलर सेवा के लिए पाइपलाइंस टीम के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि दिनेश सिंह तरकर पत्रकार के अथक प्रयासों से ब्रज क्षेत्र के धार्मिक स्थलों में बहुत ही सराहनीय कार्य करवाए जा रहे हैं, जो बड़े ही प्रसंशनीय हैं। साथ ही कहा कि अब गर्मियों के मौसम में भी बाबा के




दरबार में आए हुए भक्तों को ठंडा जल आसानी से पीने को मिलेगा, इंडियन ऑयल पाइपलाइंस टीम द्वारा यह बेहद सराहनीय कदम है। मंदिर प्रांगण में वाटर कूलर लगने से बड़ी संख्या में भक्तों को ठंडा जल पीने का लिए मिलेगा।

वहीं बलदेव क्षेत्र की दौलतपुर ग्राम पंचायत में भी पाइपलाइंस टीम द्वारा वाटर कूलर अनावरण कार्यक्रम रखा गया। जिसमें ग्रामीणों को पाइपलाइंस के आरओडब्ल्यू क्षेत्र में क्या करें और क्या न करें आदि की जानकारी विस्तार पूर्वक साझा की गई। साथ ही कहा कि पाइपलाइंस संपत्ति राष्ट्र की संपत्ति है, राष्ट्र निर्माण में तेल पाइपलाइंस का अहम योगदान है। इंडियन ऑयल उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइंस के महाप्रबंधक एस.के. पटनायक ने कहा कि ब्रज क्षेत्र के ग्रामीण आंचल से होकर इंडियन ऑयल उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइंस गुजरती है, तेल पाइपलाइंस की सुरक्षा संबंधित लोगों को गांव-गांव जाकर जागरूक किया गया है एवं इंडियन ऑयल उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइंस ने सीएसआर निधि से ब्रज क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण स्थलों में वाटर कूलर लगाकर अनावरण कार्यक्रम रखे गए हैं। हमारा सीधा उद्देश्य है कि ब्रज में जो भी भक्तजन दर्शन इत्यादि करने आ रहे हैं, उन्हें गर्मियों के मौसम में पीने योग्य ठंडा पानी मिल सके। इसलिए इंडियन ऑयल उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइंस द्वारा गर्मियां आने से पहले ही कई स्थानों पर वाटर कूलर लगा दिए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक भक्तजनों को पीने के लिए ठंडा पानी मिल सके। वाटर कूलर अनावरण कार्यक्रम में इंडियन ऑयल उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइंस मथुरा के उप महाप्रबंधक बी.पी. पोद्दार, वरिष्ठ प्रबन्धक करण सिंह, प्रबंधक अंकुर चौहान, सहायक प्रबंधक विपिन यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पैड़ी से दानूकुइया मार्ग पर काम शुरू होने पर निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव ने बांटी मिठाई



संतकबीरनगर। विकास खंड सेमरियावा के दर्जनों गांव को बीएमसीटी मार्ग से जोड़ने वाले पैड़ी से दानुकुइया संपर्क मार्ग पर काम शुरू होने पर निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव अब्दुल अजीम ने लोगों को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। इस दौरान निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव अब्दुल अजीम ने कहा कि जिलाधिकारी को इस सड़क को लेकर कई बार ज्ञापन सौंपा गया था। कैबिनेट मंत्री डा. संजय निषाद के सहयोग से एक करोड़ 50 लाख 44141 ? की लागत से 8 किलोमीटर पैड़ी से दानुकुइया संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य शुरू हो गया है। करही, गंगौली, रुधौली, दानुकुइया चौराहे पर सीसी रोड बनेगा। इस दौरान मतलूब अहमद, शकील अहमद, उस्मान गनी, आफताब आलम, मुजफ्फर हुसेन, मुहम्मद अनवार गनी, इसरार अहमद, अबूलास, इरफान अहमद, कमरूद्दीन चौधरी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# अलग-अलग स्थानों पर हादसे में महिला एवं किशोरी घायल

वेलकम इंडिया

कांधला। नगर एवं क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसे के दौरान एक किशोरी एवं एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 108 एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

जनपद गाजियाबाद के लोनी के टोनिका सिटी थाना क्षेत्र के गांव मंडोला निवासी नेहा पत्नी संदीप सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव लिलौन खेड़ी में अपने रिश्तेदारी में आई थी। पीड़िता किसी कार्य वंश थाना क्षेत्र की खंद्रावली चौकी के समीप बस अड्डे पर खड़ी हुई थी तभी अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। दुसरी और कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी शौकीन की 10



वर्षीय पुत्री सिया भारतीय स्टेट बैंक के समीप मेडिकल स्टोर से दवाई लेने के लिए गई थी। किशोरी दवाई लेकर जैसे ही सड़क पार कर रही थी तो दिल्ली बस अड्डे की ओर से आए मोटरसाइकिल सवार ने किशोरी को टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर लगने से किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई राहगीरों 108 एंबुलेंस कर्मचारियों की मदद से उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। खबर लिखे जाने तक मामले में किसी भी घायल पक्ष में थाने पर तहरीर नहीं दी थी।

# नाली के साफ-सफाई को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट चार का चालान

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील में नाली के साफ-सफाई करने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के चार लोगों को हिरासत में लेकर चालान कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी संदीप एवं मुकेश दोनों पड़ोसी हैं। संदीप का आरोप है कि मुकेश पक्ष के लोग आए दिन नाली में कूड़ा करकट डाल देते हैं जिसे पानी के निकासी नहीं होती। गत दिवस मंगलवार को नाली की साफ-सफाई को लेकर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई थी गांव के सामाजिक लोगों ने दोनों का मामला निपटा दिया था। आरोप है कि सोमवार को दोनों पक्षों में फिर से नाली की साफ-सफाई एवं पुरानी रंजिश को लेकर का कहासुनी और गाली-गलौज के बाद मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर एक दूसरे के विरुद्ध आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# बुनियाद टैलेंट सर्च परीक्षा का टापर बना अवध गर्ल्स

वेलकम इंडिया

संतकबीरनगर। सेमरियावां ब्लाक के कड़जा स्थित अवध गर्ल्स इंटर कालेज में बुनियाद टैलेंट सर्च परीक्षा के टापर बनने पर सोमवार को खुशियां मनाई गई। इस दौरान बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दिया। पुरस्कार के लिए कक्षा 6 से 11 तक के 57 सर्वाधिक बच्चों का चयन किया गया है।

बुनियाद टैलेंट सर्च परीक्षा का आयोजन 9 फरवरी को आयोजित किया गया था। इस परीक्षा में 100 स्कूल के करीब 1034 बच्चों ने प्रतिभाग किया था। ओएमआर के मुल्याकंन के बाद परीक्षा परिणाम की घोषणा किया। पुरस्कार के लिए जूनियर स्तर के 91, सीनियर स्तर के नीट व जेईई फाउंडेशन में 61 व कक्षा 11 में 10 बच्चों सहित 162 का चयन किया गया है। अवध गर्ल्स इंटर कालेज के प्रधानाचार्य जमाल अहमद ने बताया पुरस्कार के लिए सर्वाधिक 57 बच्चों का चयन हुआ है। बुनियाद टैलेंट सर्च परीक्षा में टापर बनने पर खुशी मनाई। इस दौरान बच्चों व शिक्षकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिया। इस दौरान मोहम्मद माज,तारिक अनवर, मोहम्मद कैफ,अबू ओसामा,कमर अहमद, शादाब अहमद, मोहम्मद सैफ, अंदलीप शहरेयार, होमैरा, प्रिया, सुनील ,दिव्या आदि लोग मौजूद रहे। समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने ने बताया कि बुनियाद टैलेंट सर्च परीक्षा में पुरिस्कृत बच्चों को विघालय कैम्पस में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।



- **इस कक्षा बच्चों का हुआ चयन :** प्रधानाचार्य जमाल अहमद ने बताया कक्षा 6 से 8 तक के 18 बच्चे, कक्षा 9 व 10 के नीट-जेईई फाउंडेशन में 33 बच्चे व कक्षा 11 में 6 बच्चों का पुरस्कार के लिए चयन हुआ है।
- **24 होगा सम्मान समारोह :** अवध गर्ल्स इंटर कालेज के प्रधानाचार्य जमाल अहमद ने बताया कि विघालय में 24 फरवरी को सम्मान

# डीएम की अध्यक्षता में हाईस्कूल व इण्टरमीडियट बोर्ड परीक्षा से सम्बंधित तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया

संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा को जनपद में सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुचितापूर्ण व नकलविहीन संपन्न कराए जाने के संबंध में विकास भवन परिसर के डी0पी0आर0सी0 हॉल में तैयारियों से सम्बंधित समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह उपस्थित रहे।

बोर्ड परीक्षाओं को सुचारू, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के दृष्टिगत की गयी तैयारियों एवं सम्बंधित अधिकारियों को दी गयी जिम्मेदारियों आदि के बारे में



जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025 को सम्पन्न कराने हेतु कुल 113 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। जिसपर हाई स्कूल की परीक्षा में कुल 28138 एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा में कुल 27250 परीक्षार्थी सम्मिलित होगें। परीक्षा को नकलवीहिन एवं शांतिपूर्णढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु 113 केन्द्र व्यवस्थापक, 113 वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, 03 जोनल मजिस्ट्रेट, 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 113 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 1492 कक्ष निरीक्षक (माध्यमिक), 764 कक्ष निरीक्षक(बेसिक) की डयूटी लगायी गयी है। उन्होंने बताया कि सुचारू मॉनिटरिंग हेतु 06 सचल दल बनाये गये है। हाईस्कूल एवं इण्टरमीडियट की परीक्षा दिनांक 24 फरवरी 2025 से प्रारम्भ होकर दिनांक 12 मार्च 2025 को समाप्त होगी।

उन्होंने बताया कि परीक्षा प्रथम पाली में प्रातः 08 बजे से 11:45 बजे तक एवं द्वितीय पाली में अपरान्ह 02 बजे से 05:15 बजे तक संपन्न कराई जाएगी। परीक्षा की उचित मॉनिटरिंग एवं किसी भी शिकायत के लिए जिलाधिकारी द्वारा अपर उप जिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव को प्रशासनिक अधिकारी के रूप में नामित करते हुए कन्ट्रोल रूम बनाया गया है।

जिलाधिकारी ने बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु की गयी तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापकों, वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण एवं नकलबिहीन संपन्न कराना सभी का दायित्व है।

# सीआईएसएफ की इकाई स्तरीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता हुई संपन्न

वेलकम इंडिया

मथुरा। कान्हा की नगरी में आधुनिक मंदिर के नाम से विश्व-विख्यात इंडियन ऑयल मथुरा रिफाइनरी की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ यूनिट आईओसी मथुरा के बल सदस्यों की पांच दिवसीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ 10 फरवरी को हुआ।

पांच दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिताओं में बल सदस्यों ने खूब जोर-आजमाए। इकाई स्तरीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता में बल सदस्यों के लिए विभिन्न वर्गों की दौड़ 100 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1600 मीटर लंबी दौड़, अंतर समवाय वॉलीबॉल प्रतियोगिता, फुटबॉल प्रतियोगिता, बैडमिंटन प्रतियोगिता, शॉट पुट, बेंच प्रेस, लॉन्ग जंप, हाई जंप व रस्साकसी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इकाई स्तरीय वार्षिक विभिन्न प्रतियोगिताओं में इकाई में तैनात बल सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

प्रतियोगिता समापन के अवसर पर इकाई परिसर में शनिवार के दिन इकाई प्रभारी डॉ. नीरज भारती उप-कमाण्डेंट की उपस्थिति में मुख्य अतिथि के रूप में मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सीजीएम-एचआर भास्कर हजारीका व जीएम-एचआर के. गोपीनाथ ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया। सीआईएसएफ यूनिट आईओसी मथुरा के इकाई प्रभारी डॉ. नीरज भारती उपकमाण्डेंट ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को शरीर स्वस्थ्य रखने के लिए अपने जीवन में कोई भी एक खेल रखना चाहिए, जिसके माध्यम से मनुष्य शरीर को स्वस्थ्य बनाए रखे। साथ ही कहा कि आज के दौर में मनुष्य को मोबाइल फोन से थोड़ी दूरी बनाते हुए खेल-कूद आदि में प्रतिभाग करना चाहिए।



# टूर से लौट रहीं छात्राओं को 12 घंटे बाद मिला खाना, बिगड़ी हालत

## 23 को किया दो अलग-अलग अस्तपालों में भर्ती

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** रविवार को जवाहर नवोदय विद्यालय बुकलाना से पीएमश्री योजना के तहत तीन बस से 126 छात्राएं दिल्ली टूर पर थीं। स्कूल में नाश्ता करने के बाद सुबह लगभग आठ बजे छात्राएं तीन अलग-अलग बसों से दिल्ली के लिए गई थीं। बताया जाता है कि बस चालकों ने टोल बचाने के चक्कर में तीन घंटे का रास्ता लगभग छह घंटे में तय किया। इससे बच्चों को चक्कर व उल्टी की शिकायत बनने लगी थी। बच्चों को निर्धारित स्थान पर घुमाया गया। इस बीच समय अधिक होने के कारण छात्राओं को भूख-प्यास बढ़ने लगी। लेकिन छात्राओं को भोजन नहीं मिल पाया। बच्चों को अक्षरधाम मंदिर घुमाने तथा वहीं खाना खिलाने का कार्यक्रम बनाया लेकिन रविवार में भारी भीड़ के चलते अक्षरधाम में प्रवेश नहीं मिल पाया। भूख और प्यास के चलते छात्राओं को बेचैनी होने लगी। लौटे वक्त रात लगभग साढ़े सात बजे दिल्ली-हापुड़ रोड स्थित शिवा ढाबे पर बसों को रोक छात्राओं को खाना खिलवाया गया। इसी बीच छात्राओं की हालत बिगड़ने लगी। कई छात्राओं को चक्कर आए तथा कई को उल्टी तक हो गई

हालत बिगड़ने पर 14 छात्राओं को सरस्वती अस्पताल में भर्ती कराया गया। तवियत में सुधार हुआ तो स्कूल वापस आने लगे। रास्ते में फिर से कुछ छात्राओं की तवियत बिगड़ी तो रात में ही छह छात्राओं को स्याना सीएससी में भर्ती कराया गया। इनकी स्थिति में जैसे ही सुधार हुआ तभी छुट्टी दे दी गई। सोमवार सुबह फिर से छात्राओं की तवियत खराब हो गई। इस बार 19 छात्राओं को सीएचसी स्याना तथा चार छात्राओं को जगराम अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों की टीम ने लगभग चार घंटे की मेहनत के बाद स्थिति पर काबू पा लिया।

> बस चालकों ने टोल बचाने के चक्कर में लंबा रूट तय कर तीन घंटे के स्थान पर छह घंटे में सफर में लगाए हैं। स्टाफ को रूट की जानकारी नहीं थी। बसों में लगातार बच्चों के बैठे रहने से चक्कर व उल्टी की समस्या बनी है। अब सभी छात्राओं का स्वास्थ्य ठीक है
> **-पीके रॉय, प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय बुकलाना**

> 12 घंटे तक भूखा रहने के कारण बच्चियों में कमजोरी बनी है छात्राओं की तवियत खराब हो गई थी। स्थिति नियंत्रण में है। **-डॉ. मंजू अग्रवाल, सीएमओ बुलंदशहर**

# राजस्व विभाग और नगर पालिका टीम ने की सरकारी रास्ते की पैमाइश



वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को राजस्व विभाग और नगर पालिका की टीम ने नगर के मोहल्ला टाण्डोला स्थित सरकारी रास्ते की पैमाइश कर निशानदेही की ।रास्ते का आंशिक भाग एक मदरसे, राइस मिल और एक निजी प्लॉट में पाया गया ।एसडीएम ने बताया कि पैमाइश आख्या जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। डीएम से निर्देश प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

नगर के मोहल्ला टंडोला में स्थित आराजी गाटा संख्या 51 रकबा 0.2230 हेक्टेयर जो राजस्व अभलेखों में सरकारी रास्ते के रूप में दर्ज है पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत भाजपा के नगर अध्यक्ष रोहित सैनी द्वारा जिलाधिकारी सहित उच्च अधिकारियों से की गई थी ।जिसपर डीएम द्वारा एक कमेटी बनाकर पैमाइश एवं जांच किये जाने के निर्देश उपजिलाधिकारी को दिए गए थे ।डीएम के निर्देश पर उपजिलाधिकारी कुमार गौरव द्वारा तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया ।जिसमें तहसीलदार, नायब तहसीलदार और अधिशासी अधिकारी को शामिल किया गया। सोमवार को तहसीलदार शिव कुमार शर्मा और ईओ पुनीत कुमार की निगरानी में राजस्व विभाग एवं नगर पालिका परिषद की टीम ने मौके पर पहुंचकर गाटा संख्या 51 की पैमाइश की ।पैमाइश में सरकारी रास्ते का आंशिक भाग एक मदरसा, राइस मिल और बराबर में चल रही प्लाटिंग में पाया गया ।सरकारी रास्ते के कुछ भाग पर अवैध रूप स हो रही प्लॉटिंग को टीम द्वारा जेसीबी की सहायता से कब्जामुक्त करा दिया गया। उपजिलाधिकारी कुमार गौरव ने बताया कि पैमाईश रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित की जाएगी तदुपरांत प्राप्त निर्देशों के क्रम में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

इस अवसर पर तहसीलदार शिव कुमार शर्मा,ईओ पुनीत कुमार,नायब तहसीलदार अमित कुमार, लेखपाल नवीन काम्बोज और पालिका लिपिक शुभम भारती आदि मौजूद रहे।

# नूरपुर महोत्सव प्रदर्शनी का शुभारंभ



**नूरपुर।** स्योहारा रोड नूरपुर में लग रही नूरपुर महोत्सव प्रदर्शनी मेले का भाजपा नगर अध्यक्ष निशांत कर्णवाल ने फीता काट कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर ठेकेदार राजेंद्र कुमार देवल ने मुख्य अतिथि निशांत कर्णवाल, गणमान्य लोगो एवं पत्रकार बंधुओ का माला एवं पटका बनाकर स्वागत किया। प्रदर्शनी मेले में झूले, मौत का कुआं, सर्कस, आदि आकर्षण का केंद्र रहे। इस मौके पर नगर अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, ठेकेदार राजेंद्र कुमार देवल, ठेकेदार महताब आलम, बॉबी चौधरी, पूर्ण प्रधान हरिओम चौधरी, वीर प्रकाश सिंह भुइयार, विवेक चौधरी, सुरेंद्र पाल, सुधीर चौहान, प्रेमपाल सिंह रवि, जीतू भुइयार, विशु भारद्वाज, वरुण त्यागी, अंकित भारद्वाज, अर्जुन यादव, निपेंद्र चौधरी, दीपक चौधरी, जागेश शर्मा, पत्रकार विजेंद्र सिंह, पत्रकार गुलफाम राजा, इकरार आदि लोग मौजूद रहे।

# मन्दिर मुकुट मुखारबिंद पर नव निर्मित भव्य द्वार का हुआ लोकार्पण

वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** ब्रज के प्रमुख उद्योगपति एवं गृहस्थ संत गोलोकबासी श्री सुरेश चंद्र अग्रवाल की स्मृति में श्री सुरेश चंद्र अग्रवाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा श्री गिरिराज मुकुट मुखारविंद मंदिर पर श्री सुरेश चंद अग्रवाल स्मृति द्वार का भव्य लोकार्पण श्री मनीष बाबा श्री जी पीठाधीश्वर के आचार्यत्व में परम पूज्य संत श्री सियाराम बाबा (हनुमान बाग) द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूज्य सियाराम बाबा ने कहा की सुरेश चंद्र अग्रवाल पूण्य आत्मा थे उन्होंने अपना जीवन बहुत ही धार्मिकता के साथ व्यतीत किया। उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों को लोगों द्वारा आज भी याद किए जाता है। इसी क्रम में उनकी इसी



परंपरा को उनके पुत्र एवं ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री सुनील अग्रवाल द्वारा अनवरत चलाया जा रहा है। वास्तव में पैसे का सदुपयोग किस तरीके से किया जाता है यह इस परिवार से सीखने योग्य है, जिसने कोरोना काल में भी वैक्सीनेशन कैम्प लगवाए, मुफ्त दवा वितरण सहित गायों को चारा एवं गरीबों को भोजन कराया। हमेशा से यह परिवार सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में खुलकर सहयोग करते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष कन्हैयालाल अग्रवाल ने की। कार्यक्रम का संचालन मंदिर के रिसीवर श्री कपिल चतुर्वेदी द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत ट्रस्ट के ट्रस्टी श्रीमती रजनी अग्रवाल, लव बंसल व नंदिनी बंसल द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉ शशांक माहेश्वरी, आर्किटेक्ट संदीप बजाज, डॉ ऐ के सैनी, चन्द विनोद कौशिक, जैकी शर्मा, गजेंद्र, सुनील सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# खेत में काम करते समय मुंह में गई कीटनाशक दवा, युवक की मौत

**बरेली।** अलीगंज क्षेत्र में खेत में काम कर रहे एक युवक के मुंह में अचानक कीटनाशक दवा चले जाने के कारण उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार अलीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बीवनी निवासी लाला सिंह (25) पुत्र मोहनलाल 8 फरवरी को अपने खेत में दवा छिड़क रहे थे। उसी दौरान गलती से दवा मुंह में जाने से उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे साईं सुखदा अस्पताल में भर्ती कराया। तीन दिन वहां इलाज चलने के बाद उसे रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां रविवार रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक लाला सिंह के परिजन राम बहादुर ने बताया है कि उसकी एक साल पहले शादी हुई थी। अभी तक उसका कोई बच्चा नहीं है। पत्नी तारावती का रो रो कर बुरा हाल है। उसकी मौत की खबर सुनते ही वह बेहोश हो गई।

# गिरिराज प्रभु की शयन आरती में भक्तों के बही अश्रुधारा



**मथुरा/गोवर्धन।** गोवर्धन के दानघाटी मंदिर में हुए छप्पन भोग महोत्सव में गिरिराज प्रभु के शयन के समय जब सेवायत मथुरादास कौशिक (लाला पंडित) गिरिराज प्रभु की आरती कर शयन की व्यवस्था कर रहे थे तो भक्ति में डूबे बहुत से श्रद्धालुओं की आंखें भर आईं। नैनन में नींद भर आयी मेरे प्रिय प्रभु के.. गायी गई तो आभास हुआ कि प्रभु को अब शयन करने को जाना है और अब इस आभा से दूर होने का समय आ गया है। इससे पूर्व प्रातः बेला में सेवायत लाला पंडित ने प्रभु का गंगाजल, दूध, दही, शहद, घी, इत्र आदि से मंगलाभिषेक किया। दोपहर में सेवायत पवन कौशिक ने गिरिराज प्रभु का श्रृंगार कर छप्पन भोग अर्पित किए। इसके बाद दर्शन को देर रात तक श्रद्धालुओं का रेला यहां उमड़ता रहा। इस मौके पर कन्हैया लाल शर्मा, राजकुमार गुड्डू, हरिशंकर कौशिक, धीरज कौशिक, सतीश कौशिक, मीनालाल पुजारी आदि मौजूद रहे।

# शिविर के चतुर्थ दिवस को योग एवं आपदा प्रबंधन के रूप में मनाया



वेलकम इंडिया

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर बिजनौर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस को ?योग एवं आपदा प्रबंधन? के रूप में मनाया गया। छात्र इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर मोहल्ला सरायरफी तथा छात्रा इकाई का मोहल्ला विवेक नगर में आयोजित किया जा रहा है।

प्रथम पहर में छात्र-छात्राओं ने परियोजना अधिकारी डॉ ज्ञानेंद्र सिंह एवं डॉ मीनाक्षी चौहान के निर्देशन में महाविद्यालय में साफ सफाई की। शारीरिक शिक्षा विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर सन्नी कुमार द्वारा छात्र-छात्राओं को योग कराया गया तथा योग एवं प्राणायाम के विषय में जानकारी दी गई कि किस प्रकार योग द्वारा हम अपने आप को विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचा सकते हैं।

कार्यक्रम के द्वितीय पहर में शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अशोक कुमार द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए आपदा प्रबंधन विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं को विभिन्न प्रकार की आपदाओं जैसे दैवीय आपदा एवं मानव निर्मित आपदा के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि कैसे अच्छे प्रबंधन द्वारा आपदाओं से बचाव किया जा सकता है ।उन्होंने छात्र छात्राओं से अपनी अपनी जिम्मेदारियों को समझने और उनका निर्वहन करने का आग्रह किया।

कार्यक्रमों को सफल बनाने में सहायक सन्नी कुमार एवं पूजा राजपूत का विशेष योगदान रहा।

# सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस को कौमी एकता दिवस के रूप में मनाया




वेलकम इंडिया

**नूरपुर।** देवता महाविद्यालय मोरना में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिन को कौमी एकता दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार सिंह एवं प्राचार्य डॉ लोकबीर सिंह ने कहा (कौमी एकता केवल नारा नहीं बल्कि हमारे समाज की सशक्त नीव है यदि हम एकजुट रहेंगे तो कोई भी शक्ति हमें विभाजित नहीं कर सकती है। उन्होंने स्वयंसेवक और शिक्षकों से अपील की वह अपने दैनिक जीवन में जातिवाद, सांप्रदायिकता और भेदभाव जैसी बुराइयों को त्याग कर प्रेम और सौंदर्य की भावना को अपनाना चाहिए।

इस अवसर पर समस्त स्वयंसेवको, सबयसेविकाओं ने कार्यक्रम में बढ़,चढकर भाग लियासमस्त कार्यक्रम अधिकारी डॉ रशीद खान, कैप्टन डॉ सुनीता सिंह, डॉ अमित चौहान, डॉ राजीव कुमार, डॉ विवेक चौधरी, डॉ शोभना गहलोत, डॉ अजीत कुमार, डॉ सुमित्रा देवी, डॉ मीनाक्षी सैनी, डॉ पल्लवी सैनी, डॉ सूरजभान सिंह, पदम सिंह, विशाखा, दिनेश वर्मा ,कोमल सिंह, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में बबीता चौहान, भूपेंद्र सिंह, मोहित सिंह, ओम प्रकाश सिंह, महिपाल सिंह, कार्यालय अधीक्षक सुनील कुमार, सुनील यादव, प्रदीप चौहान आदि का विशेष सहयोग रहा।

# पुलिस ने एक हफ्ते में एक दर्जन से अधिक लोगों की बचाई जान

**बुलंदशहर।** कोतवाली जहांगीराबाद क्षेत्र की चौकी अमरगढ़ क्षेत्र में दौलतपुर जहांगीराबाद मार्ग पर लगतार दुर्घटना की सांख्य बढ़ती हुई जा रही है लेकिन जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र की अमरगढ़ चौकी पुलिस की वजह से 1 सप्ताह के अंदर एक दर्जन से अधिक लोगों की पुलिस ने जान बचाई है बीते रविवार को अमरगढ़ चौकी क्षेत्र में अलग-अलग तीन हादसे हुए पहला हादसा रूठा के समीप हुआ जहां पर एक व्यक्ति घायल हुआ, जिसको तत्काल पुलिस ने नजदीकी चिकित्सालय में भर्ती कराया और उसकी हालत ठीक है दूसरा हादसा दोपहर के वक्त अमरगढ़ कस्बे में हुआ जहां पर पुलिस की सतर्कता होते हुए उसको भी नजदीकी चिकित्सालय में भर्ती कराया और उसकी भी हालत ठीक है तीसरा हादसा अमरगढ़ चौकी थाना नरसेना के बॉर्डर के समीप हुआ उसको भी अमरगढ़ चौकी पुलिस ने सूचना मिलने के 15 मिनट के अंदर अस्पताल में भर्ती करा दीया जहां उसकी हालत भी ठीक है वहीं ग्रामीणों ने चौकी प्रभारी व चौकी के स्टाफ की सराहना की है।

# महिला ने तीन व्यापारियों पर लगाया गिरवी रखे जेवरात हड़पने का आरोप

वेलकम इंडिया

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी एक महिला ने एसपी को शिकायती पत्र देकर नगर के तीन व्यापारियों पर गिरवी रखे हुए लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात हड़पने एवं मांगने पर गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। वही मामले में दर्जनों व्यापारियों ने थाने पहुंचकर आरोपी महिला के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी महिला ताहिरा पत्नी सलीम ने एसपी शामली रामसेवक गौतम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका पति बीमार था और इलाज के लिए पीड़िता ने अपने एवं अपने रिश्तेदारों के लाखों रुपए के जेवरात कस्बे के तीन व्यापारियों के यहां गिरवी रखकर ब्याज पर रुपए लिए थे। पीड़िता का आरोप है कि पीड़िता ने तीनों व्यापारियों के ब्याज सहित रुपए चुकता कर दिए हैं। महिला का आरोप है कि व्यापारियों के दिल में बेईमानी आ गई है गत 29 जनवरी को पीड़िता अपने जेवरात लेने के लिए व्यापारियों के पास पहुंची थी आरोपियों ने इकट्ठा होकर पीड़िता के साथ गाली-गलौज करते हुए धक्के देकर भगा दिया। पीड़ित महिला ने मामले में एसपी को घटना की वीडियो देकर व्यापारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। एसपी ने मामले में थाना अध्यक्ष को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। दूसरी और सोमवार को नगर के व्यापारी अशोक कुमार, सुरेंद्र कुमार, राजीव जैन, सहित दर्जनों व्यापारी थाने पहुंचे और आरोपी महिला के विरुद्ध एक शिकायती पत्र देकर बताया कि उक्त मामला 15 वर्ष पुराना है। पीड़ित व्यापारियों ने आरोपी महिला के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने व्यापारियों को जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# विवेक विश्वविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता स्पर्धा का हुआ शानदार आगाज : अमित गोयल

वेलकम इंडिया

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर में चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शानदार आगाज हुआ। विभिन्न विभागों के विद्याथीर्यों को छह हाउस सिंधु हाउस, भाकर हाउस, मैरीकोम हाउस, राठौर हाउस, बिंद्रा हाउस एवं चोपडा हाउस में विभाजित किया गया। हाउस के नाम ओलम्पिक पदक विजेताओं पी.वी. सिंधु, मनुभाकर, मैरीकोम, राजवर्धन राठौर, अभिनव बिंद्रा एवं नीरज चोपडा पर रखे गये।

स्पर्धा प्रतियोगिता का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल प्रतिकुलाधिपति दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र अग्रवाल, प्रसाशनिक निदेशक डॉ ओ पी गुप्ता




कुलपति डा. एन के गुप्ता एवं सभी विभागाध्यक्षों द्वारा संयुक्त रुप मॉ सरस्वती के पुजन किया तदुपरान्त कुलाधिपति अमित गोयल द्वारा मशाल प्रज्जवलित कर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।

प्रतियोगिता के प्रारम्भ में सभी हाउसों द्वारा परेड का संचालन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के छात्र/छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

प्रतियोगिता में क्रिकेट का सेमिफाइनल भाकर हाउस एवं सिंधु हाउस के बीच हुआ। जिसमें सिंधु हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 12 ओवर में 111 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भाकर हाउस मात्र 12 ओवर में 98 रन पर ऑल आउट हो गयी। मैन ऑफ द मैच सिंधु हाउस के सुभान 81 रनों की ताबडतोड बल्लेबाजी करने पर मिला। मैच में एम्पायर की भूमिका पीयूष कुमार एवं नलिन अग्रवाल ने निभायी। क्रीडा अधिकारी मुकुल ने बताया कि कल कबडडी, चैस, बैडमिंटन खो-खो एवं बालीबाल के प्रतियोगिता की जायेगी।

स्पर्धा प्रतियोगिता कार्यक्रम का संचालन नेहा सिंह, राशि एवं नेहा नासिर द्वारा संयुक्त रुप से किया गया।

आयोजन को सफल बनाने में डा. मुकुल कुमार, डा. राजीव चैधरी, डा सौरभ, डा रंगानाथन, डा दीप्ती डिमरी, डा सर्वेश शीतल, डा. संजय त्यागी, डा देबाशीष, डा. मीना, प्रांशु कुमार, डा. रिजवान अहमद, डा. विशाल चैहान, ईला सिंह, विश्वजीत, आदि का विशेष सहयोग रहा।

# शामा घाटी सहित जिले के कीवी उत्पादन से जुड़े काश्तकारों ने मुख्यमंत्री से की आत्मीय भेंट

वेलकम इंडिया




**देहरादून,गोविन्द मेहता,** कीवी उत्पादन के क्षेत्र में बागेश्वर जिले के काश्तकारों की प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सराहना की। बागवानी और उद्यानिकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट करने के लिए मेहनती काश्तकारों की मेहनत के लिए उनका उत्साहवर्धन करते हुए बागेश्वर जिले को कीवी उत्पादन का प्रमुख हब बनाने के लिए और अधिक उत्पादन कर आर्थिकी को मजबूत करने की बात कही ।देहरादून में मुख्यमंत्री कार्यालय में कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया के नेतृत्व में कीवी उत्पादन से जुड़े काश्तकारों का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से मिला ।जहाँ कीवी उत्पादन को बेहतर बनाने,उत्पादन बढ़ाने,के लिए कृषि वैज्ञानिकों और कीवी उत्पादकों से बेहतर उत्पादन के तरीकों की जानकारी के लिए हिमांचल प्रदेश के साथ अन्य प्रदेशों से कीवी के आधुनिक तकनीकी से बागवानी का प्रक्षिक्षण लेकर आए काश्तकारों से मुख्यमंत्री ने संवाद किया। कीवी उत्पादन में बेहतर कार्य करते हुए उत्पादन में वृद्धि, आधुनिक तकनीक से बागवानी, कर रोजगार बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने व कीवी मिशन को सफल बनाने हेतु अनेक महत्वपूर्ण विषयों के क्रियान्वयन हेतु अनुरोध किया गया ।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी काश्तकारों को एक जिला एक उत्पाद मिशन के तहत उनकी मेहनत का उचित लाभ दिलाने के लिए सरकार द्वारा भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया। और आधुनिक तकनीकी के आधार पर उद्यान सहित अन्य विभागों द्वारा पर्याप्त सहयोग देने का भरोसा दिया ।इस दौरान काश्तकारों ने क्षेत्रीय विधायक की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कपकोट विधानसभा क्षेत्र का चहुमुखी विकास किए जाने की बात कही ।इस दौरान मुख्यमंत्री को विधायक सहित अन्य काश्तकारों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्थानीय उत्पादित कीवी को भैंट किया ।इस दौरान चन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह,अजय चन्दोला,बलवीर सिंह, धन सिंह,चंचल सिंह,पुष्कर सिंह आदि मौजूद थे।

# छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा हासिल कर आगे बढ़ने की जरूरत है: अनुपम शुक्ला



वेलकम इंडिया

**तुलसियापुर/सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी के तुलसियापुर चौराहे पर स्थित पं0 बाबूराम शुक्ल विद्या मन्दिर इन्टर कॉलेज परिसर में सोमवार को 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। वहीं 9वीं और 11वीं के छात्र-छात्राओं के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबन्धक अनुपम शुक्ल ने कहा कि छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा हासिल कर आगे बढ़ने की जरूरत है। युवाओं की बेहतरी के लिए सरकार हर सम्भव प्रयास कर रही है और इसका लाभ भी युवाओं को मिल रहा है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से शिक्षा को अपनी प्राथमिकता में शामिल करने की सलाह दी। प्रबन्धकीय समिति के अध्यक्ष मयंक शुक्ल ने कहा कि बेहतर शिक्षा हासिल कर ही लक्ष्य की प्राप्त की जा सकती है। युवाओं को बेहतर शिक्षा व रोजगार देने के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकारें हर सम्भव प्रयास भी कर रही हैं। युवाओं को जागरूक होकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। शिक्षा के जीवन में इन्टरमीडिएट की शिक्षा काफी महत्वपूर्ण होती है। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत, विदाई गीत, हास्य एकांकी, शिव तांडव जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस दौरान प्रधानाचार्य रवि शुक्ल, आशाराम यादव, सन्त प्रसाद, जितेन्द्र शुक्ल, धन्नजय पाठक, सुमेरु गिरी, प्रदीप मौर्य, अजय यादव, सीतू गुप्ता, रीना तिवारी, लाडो शुक्ला, सुनैना सिंह, शिवानी तिवारी आदि मौजूद रहें।

# सड़क किनारे खड़े युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौके पर ही हुई मौत

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र में सड़क के किनारे खड़े होकर पेशाब कर रहे युवक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों को भी इस घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। आसपास में लगे सीसीटीवी की मदद से वाहन चालक की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार कैंट थाना क्षेत्र के ग्राम क्यारा निवासी नेमपाल (35) पुत्र ज्वाला प्रसाद रविवार शाम को अपनी भैंसों के लिए चारा लेने गए हुए थे।

गाड़ी को साइड में लगाकर सड़क किनारे खड़े होकर पेशाब कर रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार को पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद नेमपाल के परिजनों ने बताया है कि रविवार शाम को भैंसों के लिए चोकर लेने गया था। दुकान पर गाड़ी खड़ी करके सड़क किनारे पेशाब कर रहा था तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों की तहरीर के आधार पर कैंट थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

# फाइनल मुकाबले में डॉक्टर संदीप ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** मेजर ध्यानचंद क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में टेनिस बॉल क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉक्टर संदीप सरावगी उपस्थित रहे। टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला हीरोज 11 और टाइगर क्लब के बीच खेला गया जिसमें हीरोज 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और 17 ओवरों में 65 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइगर क्लब ने 13 ओवर में 66 रन बनाकर 5 विकेट पर फाइनल मुकाबला जीत लिया। टाइगर क्लब की ओर से नोमान ने चार ओवर में 6 रन देकर 3 विकेट लिए जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच के पदक से सम्मानित किया गया। हीरोज 11 की ओर से पूरे टूनार्मेंट में दानिश ने सबसे ज्यादा 18 विकेट लिए जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट और बेस्ट बॉलर ऑफ द टूनार्मेंट चुना गया। वहीं हीरोज 11 की ओर से अमित ने टूनार्मेंट में सबसे अधिक रन बनाये इसके लिए उनको बेस्ट बैट्समैन ऑफ द टूनार्मेंट चुना गया। खिलाड़ियों और आगंतुकों को संबोधित करते हुए समाजसेवी डॉ० संदीप ने कहा क्रिकेट भारत का सर्वाधिक लोकप्रिय खेल है। हर खेल में किसी की जीत और किसी की हार होती है लेकिन दोनों टीमों का संयुक्त रूप से क्रिया गया प्रयास खेल को रोचक बनता है। हर खेल में अच्छे प्रदर्शन से आवश्यक खेल भावना के साथ मैदान में उतरना है। शारीरिक सेहत बनाए रखने के लिए हमें किसी न किसी खेल में हिस्सा लेना चाहिए खेल चाहे इंडोर हो या आउटडोर सभी खेल सेहत के लिए लाभदायक है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए हमारी समिति लगातार प्रयास कर रही है समय-समय पर हम कई कार्यक्रम आयोजित करते रहते हैं और हमारा उद्देश्य है किसी अभाव में किसी भी खिलाड़ी की प्रतिभा का दमन न हो सके। इस आयोजन में मेजर ध्यानचंद क्रिकेट क्लब कमेटी से मुख्य रूप से अध्यक्ष रंजीत रायकवार, आयोजक राहुल शुक्ला, संरक्षक अंकित शुक्ला, मान्य सक्सेना व बॉबी और रवि उपस्थित रहे वहीं संघर्ष सेवा समिति से संदीप नामदेव, बसंत गुप्ता, सुशांत गेड़ा, अरुण पांचाल, आशीष विश्वकर्मा, अनुज प्रताप सिंह, कमल मेहता, मास्टर मुन्नालाल, राजू सेन, राकेश अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

# सीआरपीएफ जवान को जहर खुरान ने बनाया शिकार



वेलकम इंडिया

**झांसी!** पटरी किनारे रविवार की रात सीआरपीएफ का एक जवान जहर खुराना का शिकार मिला वह नशे में अचेत था उसका मोबाइल और बैग भी रोड पर बिखरा पड़ा हुआ था

समाजसेवी बंटी शर्मा गुरुवार की रात बाइक से घर जा रहे थे कचहरी चौराहे पर नशे में धुत जवान को देखा। इसके बाद आसरा एनजीओ के बंटी शर्मा ने सदर थाने में एस आई धर्म सिंह को सूचना दी सूचना पाकर तत्काल धर्म सिंह पहुंचे बंटी शर्मा की मदद से घायल को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया वहां पर प्राथमिक उपचार दिलाया गया आशंका जताई जा रही है कि वह नशे में धुत था इसी दौरान जहरखुरनी का शिकार हुआ वहां मौजूद लोगों ने आसरा एनजीओ के बंटी शर्मा एवं सदर बाजार थाने पुलिस की भूरी भूरी प्रशंसा की इस दौरान मदद करने वाली टीम में सदर थाना र.क धर्म सिंह एवं सिपाही मौजूद रहे इस टीम में बंटी शर्मा, कैलाश कुशवाहा, लवली, प्रमोद, आदि उपस्थित रहे।

# बरेली रेलवे जंक्शन पर बंद की गई प्रयागराज, अयोध्या, काशी के टिकटों की बिक्री

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** रेलवे जंक्शन के स्टेशन और प्लेटफार्म पर बढ़ती यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने जनरल टिकटों की बिक्री पर रोक लगा दी है। सोमवार दोपहर 1:00 बजे से सीनियर डीसीएम के निर्देश पर प्रयागराज अयोध्या काशी के जनरल टिकटों की बिक्री बंद कर दी गई। अब यह टिकट ट्रेन आने के 2 घंटे पहले दिए जाएंगे। मंडलीय अफसरों के निर्देश के बाद सीएमआई मो इमरान ने बुकिंग कार्यालय जाकर अगले आदेश तक जनरल टिकट की बिक्री बंद करा दी है। आपको बता दें कि प्रयागराज जाने के लिए यात्री दोपहर से ही लाइन में लगकर जनरल टिकट लेकर प्लेटफार्म पर आ जाते थे इससे ट्रेन के जाने के समय तक प्लेटफार्म पर भारी भीड़ हो जाती है। इस बीच ट्रेन अगर लेट होती है तो प्लेटफार्म पर और अधिक भीड़ जमा हो जाती है। बरेली से चलने वाली प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन 14308 कुछ दिन राइट टाइम चल कर लगातार 7 से 8 घंटे लेट आ रही है। कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाने के बाद भी बरेली स्टेशन पर भीड़ कम नहीं हो रही है। हाल ही में हुए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के हादसे के बाद मुरादाबाद मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह ने रविवार को बरेली जंक्शन का दौरा कर स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह, सीएमआई मोहम्मद इमरान और आरपीएफ इंस्पेक्टर विनीता कुमारी को निर्देश दिया था कि प्लेटफार्म पर भीड़ आने के बजाय सकुर्लेटिंग एरिया में रोक दिया जाए और ट्रेन के समय के 1 घंटे पहले सभी यात्रियों को प्लेटफार्म के लिए रवाना किया जाए इससे प्लेटफार्म पर भगदड़ मचने की संभावना नहीं बनेगी और सुरक्षा के साथ यात्रियों का सफर पूरा हो सकेगा। डीआरएम के निर्देश के बाद सोमवार को स्थानीय अफसरों ने प्रयागराज, काशी, अयोध्या जाने वाले यात्रियों को टिकट देना बंद करवा दिया। बुकिंग ऑफिस में जाकर कर्मचारियों को इन तीनों स्टेशनों के जनरल टिकट अगले आदेशों तक न देने के निर्देश दिए हैं। प्रयागराज से बरेली आने वाली 14307 प्रयागराज एक्सप्रेस सोमवार को 8 घंटे लेट आने की सूचना है। यह ट्रेन शाम 5:40 पर बरेली से प्रयागराज के लिए रवाना होती है। इसलिए यात्री इस ट्रेन पर जाने के लिए दोपहर से ही टिकट लेकर प्लेटफार्म पर आ जाते हैं। जिससे प्लेटफार्म पर काफी भीड़ हो जाती है।

# बुनियाद प्रतिभा खोज परीक्षा का पुरस्कार वितरण समारोह 23 फरवरी को

**संतकबीरनगर।** बुनियाद टैलेन्ट सर्च परीक्षा के नतीजे रविवार 16 फरवरी 2025 को जारी किए। जिसमें जूनियर वर्ग में कुल 91 छात्रों ने मेरिट में अपनी जगह पक्की की। वहीं सीनियर वर्ग में 71 बच्चों ने अपना परचम बुलन्द किया। जूनियर व सीनियर वर्ग को मिलाते हुए इस बार कुल 162 छात्रों को पुरस्कार के लिए चुना गया है। चुने गए इन मेरिटोरियस छात्रों को 23 फरवरी 2025 को एक भव्य कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा. रविवार 9 फरवरी 2025 को आयोजित हुई परीक्षा में एच. आर. ग्लोबल एकेडमी उसराशहीद में पढ़ने वाले 11वीं के छात्र मो. सुफियान 89.34% अंकों के साथ बुनियाद के इस साल के ओवरआल टापर बने।

# वृद्ध महिला न्याय के लिए खा रही दर दर की ठोकरें

निर्मल सैनी वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** करीब 15 दिन पूर्व बुजुर्ग महिला के खेत से रातोरात जेसीबी मशीन से खुदाई कर करीब 100 ट्राली मिट्टी चोरी कर बेंच दी गई थी। जानकारी होने पर जिसकी शिकायत बुजुर्ग महिला ने संपूर्ण समाधान दिवस सहित पुलिस व मंडलायुक्त कार्यालय में की थी। कोई कारवाई न होने पर मिट्टी खोदने वाले अब महिला की जमीन कब्जाने का प्रयास कर रहे हैं। जिससे आजिज होकर सोमवार को पीड़ित महिला ने तहसीलदार से न्याय की गुहार लगाई है। मलिहाबाद तहसील क्षेत्र के वाजिद नगर निवासी



पीड़ित बुजुर्ग महिला संतोष कुमारी पत्नी नौमीलाल का आरोप है कि उसकी भूमि गाटा सं0-77 रकबा 0.2.9110 है० स्थित ग्राम वाजिद नगर पर० व तहसील मलिहाबाद जनपद लखनऊ में स्थित है। जिस पर विपक्षी मोहित उर्फ टिल्लन पुत्र परशुराम निवासी ग्राम वाजिद नगर पर० व तहसील मलिहाबाद जनपद लखनऊ द्वारा मान सिंह यादव पुत्र पुतान यादव निवासी ग्राम अल्लूपुर थाना मलिहाबाद के साथ योजनाबद्ध तरीके से उका भूमि पर कब्जा करने की नियत से भूमि में पड़े गोबर की खाद को जे०सी०बी० से उठाकर ट्रक्टर ट्राली की मदद से दूसरी जगह फेंक दिया है। उक्त भूमि को हथियाने के चक्कर में 15 दिन पूर्व में चोरी से उक्त लोगों द्वारा भूमि पर: रातोरात करीब 100 ट्राली मिटटी भी निकाल कर बेच दी है और खेत में लगभग 10 फिट गहरा खदान कर किया है तथा जब इस बात की जानकारी हुई तो स्थानीय पुलिस चौकी पर शिकायत की गयी लेकिन सांठगांठ के चलते कोई कार्यवाही नहीं हुई। प्रार्थिनी का पत्ति शराब का आदी है. आशंका है कि उक्त विपक्षी किसी भी समय शराब पिलाकर और झांसे में लेकर उक्त भूमि का विक्रय करने का दबाव बना रहे हैं। जबकि उपरोक्त भूमि ओरिन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स शाखा महमूद नगर में बंधक है। उक्त गाटा सं० 77 की भूमि विक्रय न करने की दशा में विपक्षीगण कोई भी अनहोनी घटना घटित कर सकते हैं। उपरोक्त भूमि ही खाने कमाने का मुख्या जरिया है। तहसीलदार ने मलिहाबाद पुलिस को आवश्यक कारवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# व्यसनमुक्त होली मनाएंगे सिल्ली के ग्रामीण

वेलकम इंडिया

**गरुड़,** अखिल आजाद, सिल्ली के ग्रामीण इस बार भी व्यसनमुक्त होली मनाएंगे। नशा करने वाले का सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। होली समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

गरुड़ के सिल्ली गांव में शिवरात्रि पर्व से होली का शुभारंभ होगा। ग्रामीण इस बार भी व्यसनमुक्त होली मनाएंगे। पिछली बार से सिल्ली के ग्रामीण व्यसनमुक्त होली का आयोजन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बैठक कर होली आयोजन की तैयारियों को लेकर चर्चा की। इस मौके पर होली समिति के अध्यक्ष व डांगर जीवन चंद्र दुबे ने बताया कि शिवरात्रि पर्व को घिंघेश्वर मंदिर में होली गायन कर होली का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। होली में नशा करके आने वाले व्यक्ति को बाहर कर दिया जाएगा। गांव के होल्यारों द्वारा कपिलेश्वर मंदिर,बैजनाथ मंदिर व प्रसिद्ध कोट भ्रामरी मंदिर में होली का गायन किया जाएगा। संचालन डा. हेम चंद्र दुबे ने किया। इस दौरान सभासद अंकित जोशी, रघुवीर सिंह,अनिल पांडे,राजेंद्र प्रसाद खोलिया,नंदाबल्लभ पंत, कैलाश खोलिया, अखिल जोशी, मनोज पांडे, गणेश पांडे, प्रकाश दुबे, विनोद खोलिया,गौरव खोलिया, मोहित दुबे, पंकज खोलिया,संजय जोशी समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।



# समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पीडीए चर्चा अभियान शुरू किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** समाजवादी पार्टी के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष देवव्रत धामा के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आदेश पर पीडीए चर्चा अभियान शुरू किया गया है। इसी कड़ी में ग्राम रोरी, विजयनगर में, नगला में विधानसभा क्षेत्र सचिव बादल ठेकेदार के द्वारा किया गया। जिसमें विधानसभा क्षेत्र महासचिव प्रविन्दर चौधरी पट्टी द्वारा संचालन किया गया। देवव्रत धामा ने वर्तमान सरकार को जनविरोधी बताते हुए कहा कि ये सरकार बेरोजगारी, महंगाई, भुखमरी, अपराध पर काम करने में विफल है साथ ही आरोप लगाया कि इस सरकार ने अभी तक किसी भी तबके, किसी भी समाज के हित के लिए अभी तक एक भी योजना नहीं बनाई हर व्यक्ति परेशान है ये हर हाल में लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। दलित पिछड़े को रोजगार से वंचित रखा जा सके। सभासद प्रदीप शर्मा, पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशीगण संदीप चौधरी व राजेश जाटव, मुनीश ठेकेदार, पुनीत वर्मा, सुनील शर्मा, आरिफ मलिक, विधानसभा उपाध्यक्ष इस्लाम कस्सार मौलाना मनव्वर हसन, नूरदिन, समीर मलिक, विधानसभाक्षेत्र सचिव फारुख मलिक पतला, नजमु मलिक आदि समाजवादी साथियों ने भी संविधान और संविधान पर मड़रा रहें खतरे और भाजपा कि वर्तमान सरकार में दलितों, पिछड़ों कि स्तिथि से रूबरू कराया।

## जीडीए का अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देश पर अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में सोमवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-1 के नेतृत्व में ग्राम मोरटा के पास कई अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया। पिंटू त्यागी द्वारा विकसित 1.5 बीघा की अवैध कॉलोनी- बाउंड्रीवाल, सड़क और विद्युत पोल को ध्वस्त किया गया। अनिल शर्मा द्वारा विकसित 4 बीघा और 8 बीघा की अवैध कॉलोनी- साइट ऑफिस, सड़क, बाउंड्रीवाल आदि को तोड़ा गया।

कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों और विकासकताओं ने विरोध किया, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई सुचारू रूप से पूरी की गई। मौके पर अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सुपरवाइजर और मेट, स्थानीय पुलिस बल, मोरटा पुलिस बल और प्राधिकरण पुलिस बल मौजूद रहा। जीडीए अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ यह अभियान जारी रहेगा। जीडीए ने आम जनता से अवैध प्लॉट खरीदने से बचने की अपील की है।

# बीडीओ अमानीगंज ब्लाक अखिलेश गुप्ता की हुई सम्मान पूर्वक विदाई



वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** बीडीओ अमानीगंज ब्लाक अखिलेश गुप्ता की आज सम्मान पूर्वक लोगों ने विदाई की अखिलेश गुप्ता अमानीगंज ब्लॉक में लगभग 2 वर्ष तक कार्यरत रहे।

उनकी कार्यशैली से लोग खुश थे। लोगों द्वारा उनकी काफी प्रशंसा की गई ,उनके सम्मान समारोह विदाई में अमानीगंज के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह ब्लॉक के कर्मचारी सिक्रेटरी महेंद्र कुमार ,अमन आचार्य, घनश्याम, अनिल यादव, राघवेंद्र प्रताप सिंह, वीरेंद्र कुमार, अमित गुप्ता, पंकज मौर्या ,प्रवीण कुमार ,महेश कुमार, शिवांगी सिंह, एपीओ अभिमन्यु सिंह, राजेश प्रताप तिवारी, ग्राम विकास अधिकारी व समाज कल्याण अधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर राम धीरज व क्षेत्र के सम्मानित लोग उपस्थित थे। जहां एक तरफ विदाई समारोह कार्यक्रम था वहीं दूसरी तरफ फैजाबाद में कार्यरत रहे इऊड सूर्य प्रकाश मिश्रा ने अमानीगंज ब्लॉक का कार्यभार संभाला, इऊड सूर्य प्रकाश मिश्रा ने बताया कि मैं अपने कार्यों के माध्यम से क्षेत्र में नई इबारत लिखूंगा।

## NXH 330/A बरई पारा कुमारगंज में फिर हुआ एक भीषण सड़क हादसा मौके पर एक नवयुवक की जान दूसरा गंभीर रूप से घायल

वेलकम इंडिया



**अयोध्या।** जनपद अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित बरईपारा नेशनल हाईवे 330/अ पर हुआ एक भीषण सड़क हादसा जिसमें बाइक सवार गुलशन यादव पुत्र वंश राम, आदित्य कुमार पुत्र संदीप कुमार निवासी ग्राम सराय हेमराज नेवाज का पुरवा के रहने वाले शाम करीब 7:15 बजे के लगभग घर जा रहे थे। आदित्य कुमार पुत्र संदीप कुमार सर्वोदय इंटर कॉलेज रामगंज में 11वीं का छात्र था दोनों बाइक सवार कुमारगंज बाजार से फैजाबाद की तरफ अपने घर जा रहे थे बताया गया कि बरई पारा कुमारगंज के पास पहुंचे ही थे उसी दिशा में कुमारगंज से फैजाबाद की तरफ ट्रैक्टर जा रहा था। अंधेरे में कुछ समझ ना पाने की वजह से पीछे से गन्ने से लदी ट्राली में तेज रफ्तार से घुस गये। जिसमें आदित्य कुमार की मौके पर ही मृत्यु हो गई और गुलशन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों ने बाइक सवार को 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय पिठला कुमारगंज पहुंचाया जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज कर ,हालत गंभीर देखते हुए गुलशन यादव को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया मौके पर थाना प्रभारी कुमारगंज अमरजीत सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ विधि कार्रवाई करते हुए आदित्य कुमार के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया इस घटना की खबर सुनते ही क्षेत्र में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हुआ ।

## फाइनेंसर द्वारा आत्महत्या मामले में एफआईआर दर्ज

**गाजियाबाद।** छह दिन पहले फाइनेंसर द्वारा आत्महत्या करने के मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया है। इस संबंध में मृतक को भाई ने पुलिस में शिकायत दी थी। उसका कहना है कि घटना के बाद से भाई का मोबाइल गायब है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। जस्सीपुरा स्थित दूधेश्वरनाथ मंदिर परिसर में रहने वाले नरेश मीणा का कहना है कि उनके बड़े भाई लवकेश मीणा नवयुग मार्केट स्थित कोटक महिंद्रा बैंक की बगल वाली बिल्डिंग में थर्ड फ्लोर पर फाइनेंस का दफ्तर चलाते थे।

वह अपने पैसे से फाइनेंस का काम करते थे। मार्केट में पैसा लगने के कारण उनके भाई पर बहुत कर्ज हो गया था, जिसके चलते वह मानसिक तनाव में रहने लगे थे। नरेश मीणा का कहना है कि इसी तनाव के चलते उनके भाई ने 11 फरवरी की सुबह करीब नौ बजे अपने दफ्तर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

# बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर डीएम ने निरीक्षण कर अहम निर्देश दिए

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** आगामी बोर्ड परीक्षाओं का सुचारू और निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में बरेली के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और बीएसए संजय सिंह ने सोमवार को अपनी टीम के साथ राजकीय इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान परीक्षा केंद्र पर मौजूद व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का आकलन किया। इसके बाद सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि सभी कैमरे क्रियाशील रहें और उनकी रिकॉर्डिंग नियमित रूप से जांची जाए। डीएम ने स्पष्ट किया कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसके लिए सख्त निगरानी आवश्यक है। सुरक्षा को लेकर भी प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि परीक्षा केंद्रों के बाहर अनावश्यक भीड़ न लगे और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्षों की साफ-सफाई की भी जांच की गई। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि ठोस वेंटिलेशन, बिजली, पानी और फर्नीचर की व्यवस्था भी दुरुस्त होनी चाहिए। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि परीक्षाएं पूरी तरह से सुचितापूर्ण हों। परीक्षा केंद्रों पर सतर्कता बढ़ाने के लिए उड़नदस्तों को सक्रिय रहने को भी कहा गया है, ताकि किसी भी तरह की अनुचित गतिविधि को रोका जा सके। जिलाधिकारी ने छात्रों और अभिभावकों से अनुशासन बनाए रखने और किसी भी तरह की अफवाहों से बचने की अपील की है। छात्रों को ईमानदारी और मेहनत से परीक्षा देने की सलाह दी गई।

## आईटीएस डेंटल में विश्व ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन दिवस पर लेक्चर का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में सोमवार को विश्व ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन दिवस के अवसर पर लेक्चर का आयोजन किया गया। आईटीएस डेंटल कॉलेज के ओरल सर्जरी विभाग द्वारा विश्व ओरल एंड मैक्सिलोफेषियल सर्जन दिवस मनाया गया, जिसमें संस्थान के 250 से अधिक बीडीएस एवं एमडीएस के विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी दंत विभागों के एचओडी तथा दंत चिकित्सक सम्मलित थे।

यह दिन ओरल सर्जरी की विशेषता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए दुनिया भर के ओरल एंड मैक्सिलोफेषियल सर्जनों की प्रेरक भूमिका को याद कराता है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित करके किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान अतिथि वक्ता डॉ शुभम गर्ग एवं संस्थान के निदेशक-प्रधानाचार्य, डॉ देवी चरण शेट्टी तथा डॉ अरूणकुमार केवी, प्रोफेसर, डॉ अमित गुप्ता, प्रोफेसर ओरल सर्जरी विभाग के साथ-साथ सभी दंत विभागों के एचओडी उपस्थित रहें। संस्थान के निदेशक-प्रधानाचार्य, डॉ देवी चरण शेट्टी ने सभी प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उनका आभार प्रकट किया। इसके बाद डॉ अरूण कुमार केवी, द्वारा सभा को संबोधित किया तथा उन्होंने कार्यक्रम की विशेषताओं के बारे में सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यक्रम के अतिथि वक्ता डॉ शुभम गर्ग वर्तमान में धर्मशिला नारायणा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, दिल्ली के निदेशक और वरिष्ठ सलाहकार थे। डॉ शुभम द्वारा गले और मुख के कैंसर के विषय पर एक लेक्चर प्रस्तुत किया गया। उन्होंने अपने लेक्चर के दौरान गले और मुख के कैंसर के उपचार के प्रक्रिया की भूमिका के बारे में सभी प्रतिभागियों को विस्तार से समझाया।

## पाँच साल तक के सभी बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए साथ मिलकर करें पहल



वेलकम इंडिया

**जोगिया/ सिद्धार्थनगर।** आंगनवाड़ी केंद्र देवरा बाजार में मुस्कराहट परियोजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें टीकाकरण के साथ प्रारंभिक शिक्षा के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को ठंड से बचाव के उपाय के बारे में जानकारी दी गई।नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन की गाँधी फेलो राखी कुमारी ने बताया कि मुस्कुराहट नाम की परियोजना पर काम करते हुए कुपोषण को दूर करने का काम किया जा रहा है कुपोषित बच्चों को पोषित बनाने के उपायों के बारे में बताया गया। साथ ही बच्चों को कुपोषण से कैसे बचाएं एवं उनके शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास में किस तरह सहयोग मिलेगा, इसके बारे में जानकारी दी गई। एएनएम संगीता मिश्रा ने जन्म से पांच वर्ष के बच्चों को टीकाकरण से सम्बंधित जानकारी दी ।आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नूर जहा बेगम और सुमन सिंह ने अपने क्षेत्र के शत-प्रतिशत बच्चों का वजन कर उन्हें उचित पोषण के उपायों के बारे में बातया में बताया गया ।

## आईटीएस कॉलेज ऑफ फामेर्सी में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**गाजियाबाद।** मुरादनगर स्थित आईटीएस कॉलेज कॉलेज ऑफ फामेर्सी में कॉलेज ऑफ फामेर्सी प्रोफेशनल्स एसोसिएशन, दिल्ली, एनसीटी शाखा, एपीपी वेस्ट इंडीज अंतर्राष्ट्रीय शाखा और एपीपी फार्मा एण्ड हैल्थकेयर मैनेजमेंट डिवीजन के सहयोग से "ड्रग्स डिजाइन, डिस्कवरी और फार्मास्यूटिकल साइंसेज में रुझान और चुनोतियॉं" नामक शीर्षक पर सोमवार को एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुरेन्द्र सूद डारेक्टर–पीआर, सदीश कुमार निदेशक, डॉ राजकुमारी डीन, द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। डॉ एस सूद ने कहा कि इस कार्यक्रम मे छात्रों को दवा डिजाइन और खोज के नैदानिक पहलुओं पर ज्ञानवर्धन होगा।

## व्यापारी ने फर्जी नंबर प्लेट से चल रही गाड़ी की एसएसपी से की शिकायत

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** जिले में फर्जी नंबर प्लेट के इस्तेमाल का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जिसमें स्थानीय व्यापारी शहाबुद्दीन की गाड़ी की नंबर प्लेट का उपयोग कर बदायूं का एक युवक वाहन चला रहा है। इस धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब व्यापारी को अपने वाहन पर ई-चालान का मैसेज मिला। बिथरी चैनपुर के आलमपुर गजरौला गांव निवासी शहाबुद्दीन एक इलेक्ट्रिशियन की दुकान चलाते हैं। उन्होंने एसएसपी को दी गई शिकायत में बताया है कि उनकी गाड़ी केवल घर और दुकान के बीच ही चलती है। जब उन्हें एक अनजान चालान का संदेश मिला, तो उन्हें शक हुआ और उन्होंने तुरंत इस मामले की जांच शुरू की। तो पता चला कि उनकी गाड़ी के नंबर का इस्तेमाल करके कोई अन्य वाहन बदायूं में चलाया जा रहा है। पीड़ित शहाबुद्दीन ने चिंता जाहिर की, कि यदि फर्जी नंबर प्लेट लगी गाड़ी से कोई गंभीर अपराध होता है।

# मिल्कीपुर सीएचसी बना दलालों का अड्डा, जिम्मेदार मौन

वेलकम इंडिया




**मिल्कीपुर, अयोध्या।** मिल्कीपुर सीएचसी इन दिनों दलालों का अड्डा बन गया है। चाहे मरीजों को दवा लिखनी हो या इलाज करवाना हो तथा जांच करवाना हो सबके लिए यहां के चिकित्सक से लेकर हर किसी की जुबान पर बस आसपास के निजी नर्सिंग होम व पैथालॉजी तथा मेडिकल स्टोर का ही नाम है।

यह तो आम बात है अगर कोई डिलीवरी का केस आ जाता है तो फिर क्या दलालों की तो बांछें खिल जाती है। मिल्कीपुर सीएचसी पर जो गरीब व लाचार मरीज इस आस में आता है कि उसका बेहतर और मुफ्त इलाज होगा। परिसर में आते ही उसकी सारी अवधारणा ध्वस्त हो जाती है। चिकित्सक के दवा व जांच लिखते ही उसके पीछे आसपास के नर्सिंग होम व पैथालॉजी के दलाल लग जाते हैं। दवा दिलाने से लेकर किसी भी जांच के लिए अंदर से चिकित्सक की सलाह होती है। बता दें कि चिकित्सक द्वारा लिखी गई दवा सभी मेडिकल स्टोर पर मिलना संभव नहीं है। मरीजों को दवा वहीं मिलेगी जहां सीएचसी से मिलकर मेडिकल स्टोर के संचालक चला रहे हैं। जांच व बाहरी दवाइयां खरीदने के लिए भोली-भाली जनता दलालों के चंगुल में आने लगती है। दलालों का सबसे बड़ा गिरोह तो तब और अधिक सक्रिय हो जाता है जब कोई सर्जरी या डिलीवरी का केस आता है। हैरान परेशान महिलाए इनके चंगुल में आसानी से आ जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सामान्य डिलीवरी की प्रसूताओं को भी जिला अस्पताल रेफर किया जाता है। जिन प्रसूताओं को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया जाता है, उन्हें आशाओं द्वारा ले जाकर निजी नर्सिंग होम में सामान्य डिलीवरी करा दी जाती है। सीएचसी मिल्कीपुर के निकट रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर आधा दर्जन से अधिक पैथालॉजी व कई निजी नर्सिंग होम सीएचसी के सहारे संचालित हो रहे है। सुबह से शाम तक सीएचसी मिल्कीपुर में पैथोलॉजी व निजी नर्सिंग होम तथा मेडिकल स्टोर के दलालों का जमावड़ा लगा रहता है।

# रालोद के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी का जोरदार स्वागत किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव रणवीर सिंह दहिया के आवास पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने अपने स्वागत के लिए सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया तथा राष्ट्रीय लोकदल के सभी नए और पुराने कार्यकताओं को साथ लेकर चलने तथा संगठन को मजबूत करने का आश्वासन भी दिया।

जाट समाज द्वारा रामपाल सिंह जी को राष्ट्रीय लोकदल जनपद गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर जोरदार स्वागत किया। संस्था के संस्थापक पूर्व प्रधानाचार्य चौधरी सुखवीर सिंह ने कहा कि रामपाल सिंह ने सदैव क्षेत्रीय किसानों, मजदूरों के लिए हमेशा संघर्ष किया है। उनको जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर सम्पूर्ण क्षेत्रीय जाट समाज माननीय चौधरी जयन्त सिंह जी का आभार व्यक्त करता है। संस्था अध्यक्ष सतीश नेहरा जी ने कहा कि जाट समाज भी जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह से समाज की मजबूती अपेक्षा रखता है। इस अबसर बोलते हुए चौधरी रामपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय चौधरी जयन्त सिंह ने जो जिम्मेदारी मुझे प्रदान की है। मैं समाज के सामने वादा करता हूँ कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त सिंह की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का भरोसा देता हूँ। सम्मान समाहरोह का संचालन लक्ष्मण राठी ने किया। इस मौके पर बीडीओ नेपाल सिंह, चौधरी वेदप्रकाश सभासद, चौ के पी सिंह, प्रीतम सिंह, शोकेंद्र मास्टर, बाल चौ, जे पी सिंह, दुष्यंत चौ, सरलपाल राठी, ईशु नेहरा, विक्की नेहरा, डॉ सहन्सरपाल, डॉ सुधीर राठी, धर्मेंद्र नेहरा, सतीश तेवतिया, गोविंद, चौ अर्जुन नेहरा, संजीत नेहरा, आदि उपस्थित रहे।

# महापौर ने नंदग्राम स्थित निगम की भूमि का निरीक्षण किया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** महापौर सुनीता दयाल द्वारा नगर निगम की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की कार्रवाई तेजी से चल रही है। हाल ही में, वार्ड 6 की पार्षद छाया त्यागी के आग्रह पर महापौर और नगर निगम के अधिकारी नंदग्राम पहुंचे, जहाँ कई खसरों पर कब्जे की स्थिति का जायजा लिया गया। जिसमे खसरा नंबर 207, 208, 172, 142, 167, 98, 95, 1082, 87, 88, 113, 117, 60 व 74 स्थानों पर भूमाफियाओं द्वारा भूमि बेच दी गई और वहां मकान बन गए हैं। कुछ भूमि पर सब्जी की खेती, किराये पर उपयोग, पार्किंग, झुग्गियां और प्लॉटिंग के बोर्ड लगे हुए हैं। कब्जाई गई भूमि 100 बीघा से अधिक है, जिसकी कीमत 500 करोड़ रुपये आंकी गई है। जिन लोगों पर अवैध रूप से नगर निगम की भूमि बेचने का आरोप लगा है, उनमें प्रमुख नाम मुकेश त्यागी, अवधेश त्यागी, नंदू त्यागी, विनोद त्यागी, आर. डी. त्यागी, शिव कुमार त्यागी, धर्मपाल प्रजापति आदि है। महापौर ने मौके पर मौजूद लोगों को बताया कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है, क्योंकि रजिस्ट्री किसी और खसरे की हुई और कब्जा नगर निगम की भूमि पर दिया गया। नंदग्राम थानाध्यक्ष को बुलाकर भूमाफियाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। नगर निगम भी कानूनी कार्यवाही करेगा और भूमि को कब्जामुक्त कराने की योजना बनाई जाएगी। 500 गज की नगर निगम भूमि पर अवैध रूप से बने मकान सील किए गए थे, लेकिन मौके पर होस्टल चलता मिला। होस्टल के मालिक ईश्वर त्यागी और आयूब बताए गए, जिन पर कार्रवाई के आदेश दिए गए। मौके पर सील हटाने की कोशिश की गई थी, जिसे फिर से दुरुस्त कर वीडियोग्राफी कराई गई। नगर निगम अवैध कब्जों को हटाने के लिए सख्त कार्रवाई कर रहा है। आने वाले समय में इन 500 करोड़ की जमीनों को खाली कराने की प्रक्रिया शुरू होगी और दोषियों पर कानूनी शिकंजा कसा जाएगा।

महापौर सुनीता दयाल ने कहा नगर निगम की जमीनों पर अवैध कब्जा किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन लोगों ने धोखाधड़ी कर गरीबों को प्लॉट बेचे हैं, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। हमने मौके पर पहुंचकर जांच की और पाया कि नगर निगम की करोड़ों की भूमि पर भूमाफियाओं ने कब्जा कर लिया है। इसमें कई लोगों को गुमराह कर अवैध प्लॉटिंग कर बेचा गया है। तत्काल नंदग्राम थानाध्यक्ष को बुलाकर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

## स्कूलों में अपार आईडी को लेकर सीडीओ की सख्ती

**गाजियाबाद।** शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के तेवर बेहद आक्रामक रहे जिन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य की शत प्रतिशत प्राप्त की जाए। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने सख्त दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग बच्चों के अपार आईडी शत प्रतिशत बनवाना सुनिश्चित करें ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ स्कूली बच्चों तक पहुंच सके। पिछले माह की समीक्षा बैठक के निर्धारित एजेंडा बिंदुओं पर सर्वप्रथम प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें एआरपी के चयन में कठोर मानको का अनुपालन स्वयं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा करने, डीबीटी प्रक्रिया मे बाधक सीडिड बैंक खाता को पोस्ट ऑफिस खाता खुलवाने का कैंप लगाने की समीक्षा की। सीडीओ ने निर्देश दिया कि अपार आईडी को प्राथमिकता के स्तर पर बनवायें।

# भूकंप के दौरान बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भूकंप एक प्राकृतिक घटना है। भूकम्प के कारण सुनामी, भू-स्खलन, बाढ़, आग लगना आदि जैसी आकस्मिक दुघर्टनाएं भी हो सकती हैं। भूकंप के झटके आने के बाद जिला प्रशासन ने भूकंप से बचाव को लेकर एडवाइजरी जारी की है।

सोमवार सुबह 5:36 बजे दिल्ली-एनसीआर में 4.3 मैग्नीट्यूट के भूकम्प को ध्यान में रखते हुए भूकम्प से बचाव के लिए अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सौरभ भट्ट ने जनपद वासियों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि भूकंप से पूर्व, भूकंप के दौरान और भूकंप के पश्चात क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। मकान की दीवार या छत में कोई दरार हो तों तुरन्त ठीक करा लें। भारी वस्तुओं को आलमारी या रैक के निचले खानों में रखें। घर में टंगी हुई वस्तुएं जैसे- फोटो फ्रेम, शीशा, दीवार घड़ी, झूमर आदि को सोने व बैठने के स्थानों से दूर रखें। घर के आस-पास खुले स्थानों की पहचान कर सबकों जानकारी दें। इमर्जेंसी किट हमेंशा तैयार रखें। धैर्य रखें, जहां हैं वही सुरक्षित स्थान ढूंढें। पुराने व जर्जर मकान या संरचना में है तो तुरंत किसी सुरक्षित स्थान पर चलें जायें।

बिजली के मेन स्विच एवं गैस के रेगुलेटर तुरंत बंद कर दें। यदि आसपास सुरक्षित स्थान नही है तो तुरंत खुले मैदान में चले जायें। दिव्यांग, वृद्ध, बच्चों व गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। बहुमंजिली इमारतों से बाहर निकलने के लिए लिफ्ट का प्रयोग न करें। क्षतिग्रस्त घर में प्रवेश न करें। एलपीजी गैस लीक की जांच करें। प्रकाश के लिए टार्च या इमरजेंसी लाईट का ही प्रयोग करें।

## भारतीय किसान यूनियन संघर्ष अराजनैतिक ने किया संगठन विस्तार, विपिन चौधरी बने युवा जिला अध्यक्ष



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष अराजनैतिक ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए नई नियुक्तियों की घोषणा की। जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी एवं जिला प्रभारी कुलदीप चौधरी के नेतृत्व में संगठन को और मजबूती देने के लिए कई पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया। नव नियुक्त पदाधिकारी में विपिन चौधरी - युवा जिला अध्यक्ष, आदेश- युवा जिला उपाध्यक्ष मुरादनगर, हिमांशु त्यागी - युवा नगर अध्यक्ष, के.पी. सिंह - महानगर प्रवक्ता, बुध प्रयास को महानगर प्रवक्ता की जिम्मदारी दी गई। इस अवसर पर किसान नेता एवं जिला सचिव तुषार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। संगठन का कहना है कि इन नियुक्तियों से किसान आंदोलन को और अधिक मजबूती मिलेगी और किसानों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा।

# किसान संघर्ष समिति ने डीएम को दिया ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** वेव सिटी किसान संघर्ष समिति के किसानों ने सोमवार को डीएम दीपक मीणा को ज्ञापन सौंपकर वर्ष 2014 में हुए समझौते को लागू करने की मांग की है। समिति ने कहा कि अगर यह समझौता लागू नहीं तय हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

किसान नेता अनुज चौधरी ने ज्ञापन में बताया कि वेव सिटी के पीड़ित किसानों का एक समझौता वेव सिटी के साथ हुआ था जिसमें आठ फीसदी प्लाट तय किया गया था। जीडीए के नेतृत्व में यह समझौता लागू हुआ था लेकिन इसे अभी तक पूर्ण रूप से लागू नहीं किया गया हैं। पिछले दस साल से किसान धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन इस मामले में जीडीए का कोई कदम नहीं उठा रहा है। किसानों का आरोप है कि जीडीए बिल्डर से मिल चुका है। ऐसे में उन्होंने डीएम से मांग की है कि वह इस समझौते को पूर्ण रूप से लागू कराएं, वरना 17 मार्च के बाद किसान बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। यह धरना अनिश्चितकाल के लिए चलेगा। ज्ञापन देने वालों में आनंद नगार, मग्गू यादव, अंकित चौधरी, चन्द्र प्रकाश, सतीश त्यागी, अंकित त्यगी, प्रमोद, रामकिशोर शर्मा, गजेन्द्र सिंह आदि किसान नेता मौजूद रहे।

## भूकंप के जोरदार झटके से दहशत में लोग

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सुबह तड़के भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। सोमवार सुबह-सुबह ये झटके महसूस हुए हैं। अभी लोग बिस्तर से उठे ही थे इसी दौरान सबकुछ हिलने लगा। लोगों ने बताया कि काफी तेज झटके थे। बहुत तेज वाइब्रेशन के साथ भूकंप के झटके महसूस हुए। कुछ लोगों का ये भी कहना है कि लगा जैसे बम ब्लास्ट हुआ हो।

भूकंप की वजह से एक दहशत का माहौल बन गया। चिरंजीव विहार निवासी अभिनव ने बताया सुबह तड़के जब वह घर में पूजा करने की तैयारी के रही थी तो अचानक घर का सामान हिलने लगा उन्हें समझते देर नहीं लगी कि ये भूकंप के झटके है सरस्वती देवी ने अपने बेटे को जगाया और पूरे परिवार के साथ 4 मंजिल से सीढि ?ों के जरिए नीचे की तरफ भागी। जैसे ही भूकंप के झटके महसूस हुए तो लोग घरों से बाहर आने लगे। राजनगर एक्सटेंशन की बड़ी-बड़ी हाईराइज बिल्डिंग में लोगों को झटके ज्यादा महसूस हुए। वो तुरंत ही बाहर भागे। भूकंप से अभी तक जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। इंदिरापुरम निवासी प्रदीप गुप्ता ने बताया सुबह अचानक पलंग हिलने लगा जैसे ही उनकी आंख खुली तो अमित ने देखा की सर पर टंगा पंखा हिल रहा था। प्रदीप गुप्ता ने समझने में देर नहीं करी की यह भूकंप के झटके हैं। झटके इतने तेज थे कि वह अपने बच्चों को लेकर घर से बाहर की तरफ भागे तो देखा कि कॉलोनी निवासी अपने घर को छोड़कर खुले रास्ते की तरफ भाग रहे हैं। नेशनल सेंटर फॉर सेसमॉलॉजी के मुताबिक, सुबह-सुबह 5 बजकर 36 मिनट पर भूकंप के ये झटके आए।



# थाने में व्यापारियों ने मुंडवाए सिर के बाल, पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कुछ दिन पूर्व एक महिला मीडियाकर्मी ने भाजपा नेता सरदार सिंह भाटी, पार्षद कालीचरण पहलवान के साथ एक होटल संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। भाजपा नेता सरदार सिंह भाटी, कालीचरण पहलवान और ढाबा संचालक सुभाष ने खुद पर लगे आरोपों को निराधार बताया। सरदार सिंह भाटी का आरोप है शिकायत करने वाली महिला पर पहले भी उगाही के आरोप लगते रहे हैं। सोमवार को सरदार सिंह भाटी, कालीचरन पहलवान, भाजपा के अनेक कार्यकर्ता व सैंकड़ों व्यापारियों ने शालीमार गार्डन थाने का घेराव किया। लोगों ने विरोध प्रकट करते हुए थाने में ही मुंडन भी करवाया। उन्होंने पुलिस प्रशासन को यह अल्टीमेटम भी दिया कि अगर पुलिस ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए उनके खिलाफ दर्ज की गई रिपोर्ट निरस्त नहीं की तो भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकताओं के सहित व्यापारी सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। बता दे की प्रदर्शन इस कदर बढ़ गया कि व्यापारियों ने विरोध में अपने कपड़े उतार दिए और थाने में ही सिर के बाल मुंडवा दिए। भाजपा नेता सरदार सिंह भाटी ने कहा कि पुलिस बेवजह राजनीतिक षड्यंत्र के तहत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और स्थानीय व्यापारियों को परेशान कर रही है इसके विरोध में व्यापारियों ने अपने कपड़े उतार दिए और सिर मुंडवा कर थाना परिसर में बैठ गए।

## सपाइयों ने लगाया व्यापारियों के उत्पीड़न का आरोप, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सोमवार को समाजवादी पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ ने जिलाध्यक्ष अनिल चौधरी के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ता और व्यापारी नेता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और विरोध प्रदर्शन कर प्रदेश की योगी सरकार के कार्यकाल में व्यापारियों-कारोबारियों के उत्पीड? का आरोप लगाया। साथ ही व्यापारियों के खिलाफ फर्जी मुकदमें दर्ज किए जाने की भी बात कही।

सपाईयों ने आरोप लगाया कि योगी सरकार के कार्यकाल में ठेली-पटरी लगाने वाले से लेकर बाजारों में दुकानें लगाने वाले व्यापारी तक परेशान हैं। ऑन लाइन को बढ़ावा देकर इन दुकानदारों का नुकसान किया जा रहा है। सपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में उनकी उपस्थिति नहीं होने पर नगर मजिस्ट्रेट डॉ.संतोष उपाध्याय को सौंपा। समाजवादी व्यापार सभा की ओर से राज्यपाल से मांग की गई कि व्यापारियों को संविधान से मिले मौलिक अधिकारों की रक्षा हर हालत में सुनिश्चित होनी चाहिए। जिन व्यापारियों पर विद्वेष की भावना से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा फर्जी आपराधिक मुकदमें दर्ज किए गए हैं उन्हें तत्काल निष्पक्ष जांच करके खत्म कराया जाए। विरोध प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष अनिल चौधरी के अलावा रमेश चंद्र यादव, नवीन कुमार शर्मा, ब्रहम पाल, ओमप्रकाश, नरेश कुमार बत्रा, चांद, सचिन आदि मौजूद रहे।

# हर घर को मिलेगी फ्री बिजली, दो किलोवाट की कनेक्शन पर 30 हजार रुपए की सब्सिडी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** बिजली बिल की बचत करने के लिए अब लोग सोलर पावर की तरफ शिफ्ट हो रहे हैं। बड़े शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक सोलर पावर के प्रति लोगों में काफी जागरुकता देखी जा रही है। सरकार भी सोलर पावर को बढ़ावा देने के लिए तमाम कोशिश कर रही है। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में स्थित एक गांव को सोलर विलेज बनाने की कवायद शुरू की गई है। गांव में मौजूद सभी 550 घरों को सोलर पावर से एंपेनल किया जाएगा। हालांकि, किसी भी ग्रामवासी को अपने घर में सोलर पावर लगवाने के लिए किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं चुकाना होगा। सीडीओ अभिनव गोपाल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत मुरादनगर के कुम्हेडा गांव को सोलर विलेज बनाया जा रहा है। गांव में तकरीबन 550 घर हैं। सभी घरों में सोलर पावर प्लांट इंस्टॉल किए जाएंगे। दो किलोवाट का सोलर पावर प्लांट प्रत्येक घर में लगाया जाएगा। सीडीओ के मुताबिक प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के पोर्टल पर ग्रामवासियों द्वारा आवेदन किया जाएगा।

# मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने की विशेष डायबिटिक फुट केयर क्लीनिक की शुरूआत

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** वैशाली स्थित मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने हाल ही में अपने विशेष और समर्पित डायबिटिक फुट क्लिनिक की शुरूआत की है। यह क्षेत्र में अपनी तरह की पहली पहल है, जिसका उद्देश्य डायबिटिक फुट जटिलताओं के गंभीर परिणामों को रोकना है। यह क्लिनिक मधुमेह रोगियों को पैरों की देखभाल करने, चोटों से बचने, गतिशीलता बनाए रखने और विच्छेदन (एम्पुटेशन) से बचाव के प्रति जागरूक और शिक्षित करने के लिए शुरू किया गया है। डायबिटिक फुट केयर के महत्व को समझाते हुए, मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, वैशाली के वैस्कुलर और एंडोवैस्कुलर सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. कपिल गुप्ता ने कहा कि मधुमेह रोगियों में न्यूरोपैथी, खराब रक्त संचार और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली के कारण पैर की जटिलताओं का जोखिम अधिक होता है। हमारा नया डायबिटिक फुट क्लिनिक विशेष देखभाल प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें घावों (अल्सर) का उपचार, संक्रमण प्रबंधन, और वैस्कुलर जांच शामिल है, ताकि पैरों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहे। डायबिटिक फुट जटिलताओं को रोकने के लिए सक्रिय दृष्टिकोण बेहद आवश्यक है। हमारा क्लिनिक उन्नत डायग्नोस्टिक्स और विशेषज्ञ मार्गदर्शन के साथ व्यक्तिगत उपचार प्रदान करता है, ताकि संक्रमण और संभावित एम्पुटेशन के जोखिम को कम किया जा सके। डॉ. गुप्ता ने कहा, डायबिटिक फुट की जटिलताओं को जल्द पहचान और समय पर हस्तक्षेप के माध्यम से रोका जा सकता है।

साथ ही, हम समझते हैं कि डायबिटिक फुट हेल्थ का प्रबंधन एक मल्टी डिसिप्लिनरी एप्रोच की मांग करता है। हमारा क्लिनिक एंडोक्रिनोलॉजी, कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, प्लास्टिक सर्जरी और रिहैबिलिटेशन के विशेषज्ञों के साथ समन्वित परामर्श प्रदान करता है, जिससे मरीजों को संपूर्ण देखभाल मिल सके। मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, वैशाली में डायबिटिक फुट क्लिनिक की शुरूआत अस्पताल की मधुमेह देखभाल को उन्नत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आधुनिक डायग्नोस्टिक सुविधाओं और एक समर्पित टीम से लैस यह क्लिनिक डायबिटिक फुट से जुड़ी समस्याओं के व्यापक मूल्यांकन और अनुकूलित उपचार प्रदान करता है, ताकि मरीजों के स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाया जा सके और उनकी जीवन की गुणवत्ता को उन्नत किया जा सके।